आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — शहर और वार्डों का बादशाह चुनने...

4 रविवारीय — नववर्ष का आरंभ लाएगा बड़ा बदलाव...

9 मनोरंजन/व्यापार — मुझे वो मिला जिसका मैंने कभी सपना...

11 खेल — निर्णायक मुकाबले में सीरीज कब्जाने...

www.navpradesh.com रायपुर, रविवार 22 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-307 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते है न कि राजनीति में न कोई स्थाई दोस्त होता है और न ही स्थाई दुश्मन। हवा का रूख भांपकर भाई लोग पाला बदल देते हैं। निहित स्वार्थो के टकराव के चलते भी दो हंसों का जोड़ा बिछड़ जाता है। महाराष्ट्र का उदाहरण सामने है। अब बिहार में भी भाजपा और जदयू की सांझे की हांडी फूंट जाए तो हैरत नहीं होगी। नीतिश कुमार पल्टी मरने की कला में पारंगत हैं। नए नागरिकता कानून को जदयू ने समर्थन दिया है लेकिन अब नीतिश कुमार फरमा रहे हैं कि वे इसे बिहार में लागू नहीं करेंगे। वाकई हद है मौका परस्ती की।

मतपेटियां सील, 24 दिसम्बर को खुलेंगी

कस्बाई बादशाहत पेटीबंद...

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सूबे में सरकार बनाने के बाद अब आम लोगों ने कस्बाई सरकार बनाने के लिए शनिवार 21 दिसंबर को बढ़चढ़कर मतदान किया। सूबे में कुल 10 नगर निगम और नगर पंचायत के 2848 वार्डो में वोटिंग हुई। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक प्रदेश में कुल 65 प्रतिशत मतदान हुआ था। हालाकि शाम 5 बजे तक सैकड़ों अन्य मतदाता भी वोट डालने कतारबध्द खड़े थे। शाम के 5 बजते ही मतदान केंद्रों में जितने वोटर्स पहुंच गए थे उन सभी को वोट डालने दिया गया। उनके आंकड़े देर शाम 7 बजे राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुरराम सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुल मतदान प्रतिशत का ऐलान किया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को मतदान के संभावित आंकड़ों जारी किये गए। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सेल्फी तो बनती है...

- नगर निगम, नगर पंचायत के 2848 पार्षद चुने जाएंगे
- 151 नगरीय निकाय में 66.42 प्रति. मतदान
- 6 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचित, 1 वार्ड में पुनर्मतदान
- राज्य निर्वाचन आयुक्त बोले- मतपत्रों की छपाई गोपनीय

पेंड्रा में फर्जी वोटर गिरफ्तार

नगर पंचायत पेंड्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 11 में फर्जी मतदान करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मतदाता गगन अग्रवाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये हुए निर्वाचित

- नगरपालिका परिषद् दीपका वार्ड क्रमांक 8 जिला कोरबा
- नगर पंचायत सारागांव वार्ड क्रमांक 3 जिला जांजगीर चांपा
- नगर पंचायत लखनपुर वार्ड क्रमांक 7 जिला सरगुजा
- नगर पंचायत कोतबा वार्ड क्रमांक 10 जिला जशपुर
- नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव वार्ड क्रमांक 11 जिला कोण्डागांव
- नगरपालिक निगम जगदलपुर वार्ड क्रमांक 11 जिला बस्तर

सीएम भूपेश कांग्रेस तो पूर्व सीएम रमन भाजपा के पक्ष में बता रहे माहौल

मतदाताओं का उत्साह हमारे पक्ष में है: भूपेश बघेल

सालभर की ऊबन दिखी, जीत तय: डॉ. रमन सिंह

मतदान के बीच में बड़े नेताओं का बड़ा बयान आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दावा कर रहे हैं कि मतदाताओं का उत्साह साफ बता रहा है कि पक्ष पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमनसिंह कह रहे हैं साल भर की ऊबन लोगों में साफ झलकनें लगा है। इसका मतलब है जनता उन्हें सबक सिखाने के लिए हमारी जीत पर मुहर लगाई है। बहरहाल इनके दावे की सच्चाई जानने 24 तक इंतजार करना होगा। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी। साल भर में राज्य सरकार ने निकाय क्षेत्रों में बगैर भेदभाव के जो काम किया है उसका असर कांग्रेस के पक्ष में दिख रहा है। भरोसा सबसे बड़ी बात होती है और यह मतदाता स्वीकार रहे हैं। वहीं रमन सिंह ने कहा कि 15 साल बनाम एक साल के कार्यकाल को लोगों ने करीब से देखा और समझा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

सीएम उद्धव ने किया किसानों की 2 लाख की कर्ज माफी का ऐलान

मुंबई। महाराष्ट्र में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किसानों का 3 लाख रुपये तक का लोन माफ करने का ऐलान किया है। विपक्ष ने पूर्ण कर्जमाफी की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। सीएम उद्धव ठाकरे ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन ऐलान करते हुए कहा, 'किसानों का 2 लाख रुपये तक का लोन माफ कर दिया जाएगा। पैसों को सीधा किसानों के बैंक खातों में डाला जाएगा। यह स्कीम मार्च से शुरू की जाएगी।'

रांची की 'निर्भया' को न्याय मिला, मुख्य आरोपी को हुई फांसी की सजा

रांची। तीन वर्ष पूर्व 2016 में 15 और 16 दिसंबर की मध्य रात्रि दीपा टोली इलाके में इंजीनियरिंग की एक छात्रा को दुष्कर्म के बाद जलाकर मारने वाले मुख्य आरोपी राहुल राज को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। एके मिश्रा की विशेष सीबीआई अदालत ने इस मामले में मुख्य आरोपी राहुल राज को फांसी की सजा के साथ ही भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

पीएम मोदी ने 2022 और 2024 का विजन किया तैयार

नई दिल्ली (वार्ता)। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर देश के कई हिस्सों में मचे बवाल के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में सभी मंत्रालयों के पिछले छह महीने के कामकाज की समीक्षा की और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर व्यापक विचार विमर्श किया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- कानपुर-रामपुर में हिंसक प्रदर्शन, एसपी नेता बाजपेई हिरासत में
- प्रदर्शनकारियों ने की पत्थरबाजी, यतीमखाना पुलिस चौकी फूंकी

कानपुर (ए.)। नागरिकता कानून को लेकर उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को भी प्रदर्शन जारी है। आईजी कानून व्यवस्था प्रवीण कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 10 दिसंबर से राज्य में हो रहे प्रदर्शनों में अबतक 15 लोगों की मौत हुई है। इन हिंसक प्रदर्शनों में 705 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, शनिवार को कानपुर जिले की यतीमखाना पुलिस चौकी को प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस पर जमकर पत्थरबाजी की जा रही है और पुलिस की गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया गया है।

आईजी लॉ ऐंड ऑर्डर प्रवीण कुमार ने कहा, 'राज्य में नागरिकता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मलेशियन पीएम की टिप्पणी भारत ने जताया कड़ा विरोध

मलयेशिया के प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकता (संशोधन) कानून के संबंध में दिए गए बयान को लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में अधिकारिक तौर पर विरोध दर्ज कराने के लिए मलयेशिया के राजनयिक को समन किया है। मलयेशिया के प्रधानमंत्री महातिर बिन मोहम्मद द्वारा कुआलालम्पुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नागरिकता (संशोधन) कानून को लेकर बयानबाजी की गई थी। भारत की तरफ से मलयेशिया के राजनयिक से कहा गया है कि इस तरह की टिप्पणी न तो एक-दूसरे के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की प्रथा का पालन करती हैं और न ही द्विपक्षीय संबंधों को लेकर। मलयेशिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश में चल रहा तानाशाही का तांडव

बिहार में विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल ने बंद का आह्वान किया है वहीं कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को बयान जारी कर सत्तारूढ़ बीजेपी पर आरोप लगाया है कि यह जनता की आवाज दबाने के लिए देश में तानाशाही का तांडव कर रही है। उन्होंने एकबार फिर जोर देकर बोला कि एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून देश की गरीब जनता के खिलाफ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी शांति और सौहार्द बनाने की अपील करती है। एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून भारत के संविधान के मूल आत्मा के खिलाफहै। किसी भी कीमत पर बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान पर हमला नहीं होने दिया जाएगा।

भाजपा 3 करोड़ परिवारों को समझाएगी सीएए का मतलब, करेगी 250 प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली ए.। नागरिकता संशोधन कानून के बारे में लोगों को समझाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अगले 10 दिन तक व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की योजना बनाई है। इसके लिए बीजेपी घर-घर जाएगी और लोगों को नागरिकता संशोधन कानून के बारे में बताएगी। बीजेपी सूत्रों की मानें तो पार्टी के नेता नागरिकता संशोधन कानून के बारे में लोगों को स्पष्ट जानकारी देने के लिए 250 प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। साथ ही हर जिले में नागरिकता संशोधन कानून के पक्ष में रैली और कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बीजेपी की योजना करीब 3 करोड़ परिवारों को नागरिकता कानून के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **अगले 10 दिन भाजपा चलाएगी व्यापक अभियान घर-घर जाकर लोगों को देगी स्पष्ट जानकारी**

सीएम बघेल ने 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए केंद्र को दिया बड़ा मंत्र

5 ट्रिलियन इकोनॉमी तभी फायदेमंद, जब हर इंसान की जरूरतें पूरी हो : भूपेश

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए केंद्र को कुछ सुझाव व उपाय बताए हैं। इन सुझावों में उन्होंने समावेशी विकास पर जोर दिया। साथ ही कहा कि 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी तभी फायदेमंद होगी, जब हर इंसान की बुनियादी जरूरतें पूरी होंगी। मुख्यमंत्री ने ये बातें शनिवार को नई दिल्ली में फिक्की (फेडरेशन ऑफइंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के 92वें वार्षिक सम्मेलन में कही। उन्होंने यहां 'इंडिया : रोड मैप टू ए 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने केंद्र को दिए ये सुझाव

- सीएम ने कहा कि कृषकों को उनकी उपज का लाभप्रद मूल्य देना होगा ताकि बाजार में मांग में कमी न आए।
- पशुपालन एवं कृषि क्षेत्र की अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देना होगा।
- खाद्यान्नों के उपयोग और निराकरण हेतु वैकल्पिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उद्योगपतियों से किया राज्य में उद्योग लगाने का आह्वान

- बघेल ने उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग लगाने का आह्वान करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की सहयोगात्मक उद्योग नीति है, जिसमें लचीलापन है।
- नक्सल समस्या पर कहा कि लोगों का विश्वास जीतने का काम हमने किया है, जिससे समस्या में 50 फीसदी की कमी आई है।
- गरीबी और कुपोषण दूर करने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मुहैया कराया गया है।

भाजपा प्रत्याशी का देवर नकली नोट बांटते गिरफ्तार

■ **50-50 रुपए के नकली नोट भी बरामद**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश भर में वोट डाले जा रहे है। इस दौरान कांकेर के संजय नगर (वार्ड नंबर 6) में नकली नोट के साथ युवक को कांग्रेसियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ा गया युवक

भाजपा प्रत्याशी राबिया मेमन का देवर मोहम्मद शकील बताया जा रहा है। कांग्रेसियों ने मोहम्मद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नागरिकता संशोधन कानून — **1950 के नेहरू-लियाकत पैक्ट की असफलता के चलते यह लाया गया है**

समर्थन में उतरे 1100 बुद्धिजीवी

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक बड़ा वर्ग इस ऐक्ट के समर्थन में भी उतरा है। देश भर के 1,100 अकादमिक विद्वानों, बुद्धिजीवियों और रिसर्च स्कॉलर्स ने इस ऐक्ट के समर्थन में साझा बयान जारी किया है।

बयान में कहा गया है कि यह ऐक्ट धर्म के आधार पर सताए गए लाखों शरणार्थियों की मांग को पूरा करता है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए हैं। पत्र में ऐक्ट को जरूरी बताते हुए कहा गया कि 1950 के नेहरू-लियाकत पैक्ट की असफलता के चलते यह लाया गया है। यहां तक कि विचारधारा से ऊपर उठकर सीपीएम, कांग्रेस जैस पार्टियों ने भी पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने की मांग की थी। इनमें से ज्यादातर दलित समुदाय के लोग हैं। यही नहीं अकादमिक जगत के विद्वानों ने इस ऐक्ट के लिए केंद्र सरकार

और संसद को बधाई भी दी है। पत्र में भारत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'नॉर्थ ईस्ट की चिंताओं का भी किया जाए समाधान'

पत्र में नॉर्थ ईस्ट के राज्यों की चिंताओं को भी ध्यान में रखने की बात करते हुए कहा गया, 'हम यह भी मानते हैं कि पूर्वोत्तर के राज्यों की चिंताओं को भी सुना जाना चाहिए और उनका समाधान होना चाहिए। यह ऐक्ट भारत की सेक्युलरिज्म की परंपरा और संविधान के मुताबिक है। यह किसी भी धर्म और किसी भी देश के व्यक्ति को भारत की नागरिकता लेने से नहीं रोकता।

ऐक्ट के समर्थन में इन लोगों ने जारी किया बयान

ऐक्ट के समर्थन में बयान जारी करने वाले विद्वानों की सूची में जेएनयू के प्रफेसर ऐनुल हसन, नालंदा यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रफेसर सुनैना सिंह, जेएनयू के रजिस्ट्रार डॉ. प्रमोद कुमार, डीयू के स्वदेश सिंह, स्तंभकार स्वप्न दासगुप्ता, रिसर्च फेलो सुशांत सरीन, लेखक अनिर्बान गांगुली समेत कुल 1100 लोग शामिल हैं।

अखनूर में दो पाक जवान ढेर

जम्मू ए.। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। इंडियन आर्मी के ऐक्शन में शनिवार को कम से दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और पल्लनवाला तथा अखनूर में अग्रिम चौकियों पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सुबह भारतीय सेना ने एलओसी के पास दो शव पड़े देखे।

अमिताभ बच्चन को फाल्के पुरस्कार प्रदान करेंगे नायडू

नयी दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू सोमवार को महानायक अमिताभ बच्चन को फिल्म उद्योग में उनके योगदान के लिए सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान करेंगे।

श्री नायडू 66 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को प्रदान करने के लिए यहां आयोजित समारोह में अमिताभ बच्चन को 50वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में भारतीय सिनेमा के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई

फिल्मी हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। समारोह के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय फिल्म ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोसी, सीमांचल और पूर्व बिहार में स्वस्फूर्त बंद

NRC और CAA के विरोध में देशभर में प्रदर्शन जारी

भागलपुर(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल(आरजेडी) के आह्वान पर 21 को बिहार बंद का आह्वान किया गया। इस दौरान कोसी, सीमांचल और भागलपुर समेत पूर्व बिहार में कई जगहों पर चक्का जाम किया गया वहीं कुछ जगहों पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया।

अररिया में व्यापक असर

अररिया में एनआरसी और सीएए के खिलाफ राजद के बिहार बंद का अररिया में व्यापक असर दिख रहा है। पूर्व सांसद सरफराज आलम, राजद जिला अध्यक्ष कमरुज्जमा सहित पार्टी के वरीय नेताओं की अगुवाई में बंद समर्थक जगह-जगह यातायात अवरुद्ध कर दिए हैं और दुकानें बंद करवा दी है। सड़कों पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई है। शहर के चांदनी चौक, अस्पताल चौक, आजाद एकेडमी चौक, जीरोमाइल चौराहा में हजारों की तादाद में जुटे बंद समर्थक कैब और एनआरसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। बंद को लेकर प्रशासन भी एक्टिव है। एसडीपीओ केडी सिंह की अगुवाई में पुलिस गाड़ियां शहर में गश्त कर रही है और बंद समर्थकों को संयमित व अनुशासित रहने की चेतावनी भी दे रही है। शनिवार की सुबह से ही राजद के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। इस दर्जन एनएच 57, 327 ई जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। फारबिसगंज में राजद व कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन पर पहुंचकर जोगबनी से कटिहार जा रही ट्रेन संख्या 75758 को रोक कर परिचालन ठप कर दिया।

नागरिकता कानून पर आरजेडी का 'बिहार बंद',

बिहार में आरजेडी के हजारों समर्थकों ने नागरिकता कानून और प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन के तहत राज्यव्यापी बंद लागू करने की कोशिश करते हुए शनिवार को रेल तथा सड़क यातायात बाधित कर दिया।

कानून के विरोध में सड़क पर उतरे राजद कार्यकर्ता

सुपौल। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में शनिवार की सुबह से ही जिलेभर में राजद कार्यकर्ताओं की टोली सड़क पर उतरकर विरोध जता रहे हैं। राजद के बिहार बंद को रालोसपा और समर्थन मिला है। कार्यकर्ता सीएए और एनआरसी को वापस लेने की मांग करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी कर रहे हैं।

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद गिरफ्तार

बिना इजाजत जामा मस्जिद से निकला था प्रोटेस्ट मार्च

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून पर बिना इजाजत दिल्ली के जामा मस्जिद के प्रोटेस्ट मार्च निकालने वाले भीम आर्मी चीफ चंद्र शेखर आजाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले, जामा मस्जिद से मार्च की अगुवाई कर रहे भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को शनिवार तड़के जामा मस्जिद के बाहर से हिरासत में लिया गया।

वह संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ मस्जिद के अंदर प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमें बलिदान देना होगा ताकि कानून वापस लिया जाए। हम हिंसा का समर्थन नहीं करते। हम शुक्रवार सुबह से मस्जिद के अंदर बैठे थे और हमारे लोग हिंसा में शामिल नहीं थे।'' आजाद शुक्रवार को पुलिस को चकमा देकर जामा मस्जिद पहुंचे थे।

दिल्ली में जामा मस्जिद के पास लोगों ने तिरंगा लेकर विरोध मार्च निकाला। भीम आर्मी ने जंतर-मंतर तक मार्च निकाला। दरियागंज इलाके में कार में आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों लाठीचार्ज किया और पानी की बौछार छोड़ी। यूपी के फिरोजाबाद, बुलंदशहर, संभल, कानपुर, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसा-आगजनी हुई। राज्य में तीन हजार से ज्यादा लोग हिरासत में लिए गए।

जामिया के बाहर फिर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून के विरोध में राजधानी दिल्ली समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भी दिल्ली समेत कई राज्यों में भीड़ सड़क पर उतरी। पुरानी दिल्ली के दरियागंज में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफएक प्रदर्शन के दौरान हिंसा के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद जिनको देर रात हिरासत में लिया गया था, अब पुलिस ने उनको भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ बिहार में शनिवार को आहूत बंद के मद्देनजर कई ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई और सड़कें जाम की गई, जबकि पश्चिम बंगाल, असम और मेघालय में स्थिति शांतिपूर्ण रही। जानें देशभर में अभी तक क्या-क्या हुआ और कहां घटनाएं देखने को मिली हैं।

दिल्ली-दरियागंज हिंसा मामले में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया, दोपहर तक भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि सीलमपुर में सुबह से शांति का माहौल। जामिया में आज डीयू, अलीगढ़ सहित अन्य विश्वविद्यालय के शिक्षक रखेंगे अपनी बात। स्थानीय लोगों व छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी।

वहीं बिहार–यूपी के बाद बिहार में बवाल बढ़ा, राजद के बंद के आह्वान के बीच कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन, ट्रेनें रोकी गई, कांग्रेस, रालोसपा, वीआईपी और 'हम' ने किया बंद का समर्थन

दरभंगा में जगह-जगह जाम, यातायात व्यवस्था चरमरायी, सीवान में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला है। जबकि वैशाली में प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री हिरासत को हिरासत में लेने की खबर है।

नागरिकता कानून को लेकर ओवैसी ने साधा केंद्र पर निशाना

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर भ्रम पैदा किया है और उनके द्वारा धर्म के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। उनसे पूछा गया था कि क्या सीएए को लेकर 'अफवाहों' को दूर करने की जरूरत है क्योंकि सरकार द्वारा इस बात का स्पष्ट भरोसा देने के बावजूद कि भारतीय मुसलमानों को कुछ नहीं होगा, कई मुसलमानों का दावा है कि उन्हें 'बाहर कर' दिया जाएगा।

सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं

नई दिल्ली लखनऊ(ए.)। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ देश के कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान सरकारी व निजी संपत्ति को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यूपी, पश्चिम बंगाल सहित देश के कई राज्यों से बसों व गाड़ियों में आग लगाने के घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तो कहा है कि नुकसान की भरपाई दंगाईयों की संपत्ति बेचकर की जाएगी। आईए जानते है कि क्या है सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण कानून।

क्या है कानून : 05 साल तक की सजा संभव: सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण कानून 1984 के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसे पांच साल तक की सजा या जुर्माने या फिर दोनों हो सकते हैं। सार्वजनिक संपत्ति के रूप में ऐसे भवन या संपत्ति को माना गया है जिसका उपयोग जल, प्रकाश, शक्ति या ऊर्जा उत्पादन या वितरण में किया जाता है। इसके साथ ही कोई तेल प्रतिष्ठान, सीवेरज, खान या कारखाना या फिर कोई लोक परिवहन या दूरसंचार साधन भी सार्वजनिक संपत्ति में आते हैं। वहीं अग्नि अथवा किसी विस्फोटक पदार्थ से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले को दस साल की सजा और जुर्माने से दंडित करने का प्रावधान है।

बवाल के बीच कर्नाटक के मंत्री ने दिलाई गोधरा कांड की याद

नई दिल्ली। कर्नाटक के मंत्री सीटी रवि एक वीडियो सामने आने के बाद वो विवादों में आ गए हैं। उस वीडियो में वे यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि अगर बहुसंख्यक समुदाय धैर्य खोता है तो गोधरा जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए इसे 'उत्तेजक' करार दिया है।

कांग्रेस नेता दिनेश गुंडू राव ने ट्वीट कर वीडियो शेयर करते हुए कहा- ÷सीटी रवि की तरफ से सबसे ज्यादा डरानेवाली धमकी। पुलिस की उनके खिलाफ अवश्य केस दर्ज कर उन्हें प्रिवेंटिव कस्टडी में लेना चाहिए। संवैधानिक पद पर रहते हुए, उन्हें इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए।

हैदराबाद कांड: हाई कोर्ट का आदेश

चारों आरोपियों के शवों का दोबारा किया जाए पोस्टमार्टम

नई दिल्ली(ए.)। तेलंगाना एनकाउंटर मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के चारों आरोपियों के शवों का फिर से पोस्टमार्टम करने का निर्देश दिया है। इन चारों आरोपियों की मौत छह दिसंबर को कथित मुठभेड़ में हुई थी। मुठभेड़ के बाद से चारों आरोपियों के शवों का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार चारों शवों को अभी तक शवगृह में संरक्षित रखा गया है।

छह दिसंबर को एनकाउंटर के बाद यह मामला हाई कोर्ट पहुंचा था। जहां पर मुख्य न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह चौहान और न्यायमूर्ति अभिषेक रेड्डी की खंडपीठ कुछ महिला कार्यकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई कर रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शवों से आवश्यक साक्ष्य जुटाने पर कोई आदेश पारित करने का मुद्दा उच्च न्यायालय पर छोड़ दिया था।

घने कोहरे के चलते देरी से चल रही हैं 17 ट्रेनें

नई दिल्ली(वार्ता)। देश के कई राज्यों में अब कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। उत्तर भारत के कई राज्यों में शनिवार को सुबह कोहरा छाया रहा। इसका असर ट्रेन और उड़ानों पर पड़ा। अधिकारियों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि शुक्रवार की आधी रात तक दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण 46 उड़ानों को डायवर्ट किया गया। वहीं अगर बात ट्रेनों की करें तो कई ट्रेने देरी से चल रही हैं।

33 लोग इस बारे में बात कर रहे हैं: समाचार एजेंसी एशियन न्यूज इंटरनेशनल ने बताया कि उत्तर भारत में 17 ट्रेनें परिचालन कारणों से देरी से चल रही हैं। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक आने दिनों में बिहार समेत कई राज्यों में बारिश हो सकती है, जिससे गलन बढ़ेगी।

मौसम विभाग की वेबसाइट आइएमडी के मुताबिक उत्तर राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, आसाम और मेघालय की सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटी रही।

बिहार में 24 को हो सकती है बारिश: आइएमडी के मुताबिक पटना शहर में रात का तापमान अगले दो दिन कम ही रहेगा। इसमें कोई खास गिरावट दर्ज नहीं होगी।

लोगों को कंबल बांटने निकले लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार देर रात बारह बजे एम्स के बाहर ठंड से ठिठुरते लोगों को कंबल बांटा। अपने आवास से निकालकर बिड़ला एम्स पहुंचे तो वहाँ बाहर सो रहे लोगों को बिना उठाये उन्होंने खुद कंबल ओढ़ाया। लेकिन जैसे ही लोगों को पता चला कि लोकसभा अध्यक्ष कंबल वितरित करने के लिए आये हैं अचानक लोगों का हुजूम वहां एकत्र हो गया।

पुलिस ने लोगों को कतारबद्ध किया और बारी बारी से लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष करीब एक घंटे तक कंबल वितरण के लिए एम्स परिसर में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रोटोकॉल की औपचारिकताओं से भी परहेज किया।

आओ साथ चलें के संयोजक विष्णु मित्तल ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला देर रात अपने निवास से आओ साथ चलें टीम के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ गाडियों में कम्बल भर कर निकलें। दिल्ली की विभिन्न सडको पर होते हुए लोकसभा अध्यक्ष एम्स चिकित्सालय के बाहर पहुँचें। जहॉ पर फुटपाथ पर सो रहे लोगो को सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कम्बल ओढाएं।

जान से मारने की धमकी

गौतम गंभीर ने की दिल्ली पुलिस में शिकायत

नई दिल्ली(वार्ता)। क्रिकेटर से नेता बने पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद गौतम गंभीर ने शनिवार (21 दिसंबर) को दिल्ली पुलिस को पत्र लिख कर कथित तौर पर अपनी और परिवार की जान को खतरा बताया है। उन्होंने पुलिस को कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि वह इस बाबत मामला दर्ज करें और उनकी व उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

20 दिसंबर को शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को लिखे पत्र में गंभीर ने लिखा, 7 (400) 043 वाले अंतरराष्ट्रीय नंबर से मुझे और मेरे परिजनों को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पूर्वी दिल्ली से सांसद गंभीर ने शाहदरा और मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्तों को पत्र लिखकर शुक्रवार को मिली धमकी की शिकायत की है।

उन्होंने कहा कि उनके निजी सचिव गौरव अरोड़ा ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी थी। अपने पत्र में पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ÷इसलिए मैं चाहता हूं कि आप एक प्राथमिकी दर्ज करें और मेरे व मेरे परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

एग्जिट पोल | किसकी सरकार बनेगी यह तो 23 दिसंबर को ही साफ होगा लेकिन यह हार-जीत कई मुद्दों पर भाजपा के लिए इम्तहान साबित हो सकती है

झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे कई मुद्दों पर निर्णायक संकेत

नई दिल्ली (ए.)। झारखंड में मतदान के आखिरी चरण के बाद एग्जिट पोल ने संभावित चुनाव नतीजों की तस्वीर भी पेश कर दी है। करीब-करीब सभी एग्जिट पोल में भाजपा पिछड़ रही है तथा झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन न सिर्फ आगे है बल्कि स्पष्ट रूप से सरकार बनाता हुआ दिख रहा है। किसकी सरकार बनेगी यह तो 23 दिसंबर को ही साफहोगा लेकिन यह हार-जीत कई मुद्दों पर भाजपा के लिए इम्तहान साबित हो सकती है।

झारखंड के जो नतीजे दिखाई दे रहे हैं, उनका अंदाजा पहले से ही था। राज्य में चुनाव पूर्व हुए सर्वेक्षणों में भी भाजपा को 30 से नीचे सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया था। एग्जिट पोल में उसे 22-32 सीटों का अनुमान व्यक्त किया गया है। वास्तविक संख्या इसी के भीतर रहने का अंदाजा है। जबकि झामुमो गठबंधन को 35 वे 49 तक सीटें मिलती दिख रही हैं। संकेत साफहै कि वह बहुमत के करीब या स्पष्ट बहुमत हासिल कर सरकार बनाने की स्थिति में आ सकता है।

झारखंड के चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण हैं। एक चुनाव से ठीक पहले अयोध्या पर कोर्ट का फैसला आया था। भाजपा ने इस मुद्दे का चुनाव में उपयोग किया और जल्दी राममंदिर बनाने की बात कही। दूसरे, झारखंड के चुनाव के जब तीन चरण पूरे हुए थे तो नागरिकता कानून का मुद्दा गरम हो गया था। इस मुद्दे और एनआरसी के मुद्दे को जोड़कर भी भाजपा जनता से मुखातिब हुई थी। लेकिन इसके बावजूद यदि उसकी सीटें कम रहती हैं तो मतलब साफ है कि ये मुद्दे राज्य की राजनीति पर प्रभावी नहीं हो सके। तब यही माना जाएगा कि राज्य सरकार के प्रति जनता की नाराजगी भाजपा को महंगी पड़ी।

हालांकि, राजनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि राज्य में स्थिति कहीं ज्यादा खराब हो सकती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धुआंधार रैलियों से स्थिति काफी सुधरी है। एक तर्क यह भी है कि हो सकता है कि मंदिर मुद्दे की वजह से भाजपा को कुछ सीटों की बढ़त मिली हो।

एग्जिट पोल के नतीजे...

कुल सीट : 81
बहुमत : 41

सीवोटर-एबीपी
भाजपा+ : 32
कांग्रेस+ : 35
आजसू : 5
अन्य :9

आजतक-एक्सिस
भाजपा+ : 22-32
कांग्रेस+ : 38-50
आजसू : 2-4
अन्य : 7-12

टाइम्स नाउ
भाजपा+ : 28
कांग्रेस+ : 44
अन्य : 9

किसी एक दल को बहुमत मिलने की संभावना नहीं

रांची। झारखंड विधानसभा के लिए पांच चरणों में चुनाव संपन्न होने के बाद शुक्रवार को आये एग्जिट पोल के नतीजों में किसी भी एक दल की सरकार बनती नहीं दिख रही है और भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की संभावना है। एग्जिट पोल में दावा किया कि भाजपा को सिर्फ22 से 32 सीटें मिलेंगी वहीं झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 38 से 50 तक सीटें मिलेंगी। इस सर्वेक्षण के अनुसार भाजपा की सहयोगी रही आज्सू को तीन से पांच सीटें, झारखंड विकास मोर्चाःप्रः को दो से चार सीटें मिलेंगी। अन्य छोटी पार्टियों और निर्दलीयों के खाते में चार से सात सीटें जाने की बात कही गयी है। आज तक के मुख्यमंत्री पद के लिए सर्वेक्षण में झामुमो नेता हेमंत सोरेन को 29 प्रतिशत लोगों की पसंद बताया गया है वहीं भाजपा नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री रघुवर दास को 26 प्रतिशत लोगों की पसंद बताया गया है।

■ न्यूज गैलरी

मंत्री टीएस सिंहदेव आज रायपुर लौटेंगे

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा प्रवास के बाद 22 दिसम्बर को रायपुर पहुंचेंगे। वे अंबिकापुर से अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस द्वारा रवाना होकर 22 दिसम्बर को सवेरे 08.05 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

क्रेडिट कार्ड हैक कर खाते से हजारों पार

रायपुर। क्रेडिट कार्ड को हेंग कर हजारों रूपए खाते से निकाल लेने की रिपोर्ट राजेन्द्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मकान नंबर ए-72 आम्रपाली सोसायटी न्यू राजेन्द्र नगर निवासी पेमेन्द्र चन्द्राकर 35 वर्ष पिता मोहन लाल चन्द्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 दिसंबर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी का बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई खाता के क्रेडिट कार्ड को हैंग कर खाते से 9865 रूपए आहरण कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ब्यारा से 6 कट्टा धान चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। ब्यारा में रखा 6 कट्टा धान चोरी कर लेने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झांकी अभनपुर निवासी डाकेश्वर साहू 32 वर्ष पिता इतवारी राम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 दिसंबर को ग्राम झांकी ब्यारा में रखा 6 कट्टा धान कीमत 5 हजार 4 सौ रूपए को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सूने मकान से जेवरात चोरी

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर पेटी में रखे नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जागृति नगर बीरगांव उरला निवासी रामाधार यादव 40 वर्ष पिता जगदीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी मूलतः शहडोल एमपी का रहने वाला है। हलवाई का काम करके अपना गुजर बसर करता है। वर्तमान में जागृति नगर में किराए के मकान में रह रहा है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ पार्षद के घर खाना बनाने के लिए गया हुआ था, वापस रात्रि 11 बजे आया तो किसी ने मकान का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर पेटी का ताला तोड़कर नगदी 30 हजार रूपए व सोने की पत्ती एवं चांदी का पायल चोरी कर लिया है।

शहर और वार्डों का बादशाह चुनने लगी लंबी कतार

सियासतदान, नौकरशाह और आवाम ने किया मतदान, मंत्री, विधायक, कलेक्टर, एसपी ने बैलेट पर लगाई मुहर

■ मतदान करने लोगों में रही भारी रुझान युवा से लेकर बूढ़े तक पहुंचे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में 16 साल बाद बैलेट पेपर से मतदान करने वोटर जुटे। वोट करने के लिए पूर्वनिर्धारित समय पर सियासतदान, नौकरशाह और आम आवाम कतारबध्द थी। सूबे के नगरीय निकाय चुनाव में शहर और वार्डों की बादशाहत के लिए कांग्रेस, भाजपा और जोगी कांग्रेस समेत निर्दलीयों ने कोई कोर कसर बाकि नहीं रखा।

अपने पसंदीदा प्रत्याशी और राजनैतिक दलों को भी अपना बहुमूल्य मत देने के लिए मंत्री, विधायक, सांसद, कलेक्टर और एसपी भी सपत्निक मतदान केंद्र पहुंचे थे। राज्य भर में लोकांत्रिक अधिकार का उपयोग करते खास तस्वीरें आ रही है। राज्य में बड़ी संख्या में व्यस्तताओं के बावजूद मताधिकार का प्रयोग करते देखे गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने ना सिर्फ अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बल्कि ये संदेश भी दिया कि वो अपने घरों से निकलें और मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने भी बढ़ चढ़कर भूमिका निभायी

16 साल बाद बैलेट से चुने जाएंगे 2840 वार्डों के नेता

सूबे में कुल 10 नगर निगम व नगर पंचायत के 2840 वार्डों में वोटिंग हुई। चुनाव में 5406 मतदान केंद्र बनाए गए थे। 40 लाख मतदाता 2840 पार्षद चुनेंगे। प्रदेश के कुल 10 नगर निगम, 38 नगर पालिका और 103 नगर पंचायत में चुनाव होना था। इसके लिए कुल 5406 मतदान केंद्र बनाए गए। 21 हजार मतदान कर्मी तैनात किए जाएंगे। नक्सल प्रभावित जिले कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

मतदान को ऐसे बनाया खास ने यादगार

- मुख्य सचिव आरपी मंडल भी सुबह नियत समय पर अपनी पत्नी के साथ वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे।
- राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने भी सबसे पहले अपना वोट डालकर प्रक्रिया पर निगरानी रखते रहे।
- रायपुर कलेक्टर एस भारतीदासन ने सपत्निक वोट डालने पहुंचे और लोगों को भी वोट के लिए प्रेरित किया।
- रायपुर एसएसपी आरिफ शेख अपनी पत्नी मार्कफेड की एमडी शम्मी आबिदी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया।
- सुबह-सुबह बिलासपुर कलेक्टर संजय अलंग ने मतदान कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव आर.प्रसन्ना ने वोट किया।
- खनिज-पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी के साथ नगरीय प्रशासन-विकास सचिव अलरमेल मंगई डी ने किया वोट।

सियासतदानों ने भी किया अपने फेवरेट को वोट

- स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने रामानुज वार्ड क्रमांक 32 में परिवार के साथ मतदान किया।
- वन मंत्री मो. अकबर ने मौदहा पारा वार्ड के दुर्गा कालेज मतदान केंद्र में मतदान किया।
- रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने टाटीबंध स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला।
- महापौर प्रमोद दुबे ने ब्राह्मण पारा वार्ड क्रमांक 44 आनंद वाचनालय बूथ में मतदान किया।
- रायपुर कमिश्नर जी आर चुरेन्द्र ने अपनी पत्नी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

भाजपा की कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज होगी बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 22 दिसंबर को दोपहर 1 बजे नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री सौदान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडे, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविचार नेताम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व पंचायत चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर सहित प्रदेश पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे।

मतदाताओं का प्रदेश अध्यक्ष उसेंडी ने माना आभार

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने नगरीय निकाय चुनाव में सबकी सहभागिता के लिए आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी वार्डों में कार्यकर्ता भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए तन्मयता से जुटे रहे हैं और आम मतदाताओं का हमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में जो मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला, इससे हमारी जीत का दावा पुख्ता हो गया है और बड़ी संख्या में महापौर-अध्यक्ष के पदों पर भाजपा का कब्जा होगा। उन्होंने मतदानकर्मी सहित मतदान में लगे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

योगदान जनजातीय नृत्य महोत्सव के लिए प्रदान की 7.5 करोड़ की राशि

एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ की भागीदारी

नृत्य महोत्सव में शामिल होंगे 25 सौ से ज्यादा प्रतिभागी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव-2019 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक का साथ मिला है। एनएमडीसी ने इस प्रतिष्ठित नृत्य महोत्सव के लिए 7.5 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की है। एनएमडीसी के सीएमडी एन बैजेंद्र कुमार ने कंपनी के कार्यकारी निदेशकों की उपस्थिति में इस संबंध का डिमांड ड्राफ्ट छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मनोज पिंगुआ भी मौजूद थे। रायपुर में यह नृत्य महोत्सव 27 से 29 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा।

स्थापना के समय से ही छग की जानजातीय कला व संस्कृति के लिए काम कर रही एनएमडीसी

उल्लेखनीय है कि एनएमडीसी को अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्व के बारे में जाना जाता है जो मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई पेयजल आधारभूत संरचना के विकास कौशल विकास आदि पर केंद्रित हैं। अपनी स्थापना के समय से ही एनएमडीसी छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित किया है। युवाओं को बेल मेटल बंबू तथा तुंबा जैसी जनजातीय कला में प्रशिक्षण देते आ रही है।

इस महोत्सव में ऐसे सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जहां पर जनजातीय समूह रहते हैं। साथ ही हमारे कुछ पड़ोसी देशों जैसे कि बांग्लादेश, भूटान, नेपाल आदि की नृत्य कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा इस कार्यक्रम में 25 सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

शराब कोचियों के अड्डों पर मारा छापा

■ 217 पव्वा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी पुलिस ने शहर में अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शराब कोचियों के ठिकानों पर छापा मारकर 217 पव्वा देशी व अंग्रेजी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान चुना भट्टी मस्जिद के सामने एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमडी 5934 में बोरी में रखा 22 पाव अंग्रेजी जब्त किया है। पुलिस को देखते ही शराब बेच रहा युवक एक्टिवा छोड़कर फरार हो गया। इसी तरह सिविल लाईन क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वर्मा क्लिनिक तरूण नगर पंडरी में खोड़स वर्मा 38 वर्ष पिता नारायण वर्मा के क्लिनिक से 30 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं देवेन्द्र नगर क्षेत्र में फोकटपारा में पुलिस ने जिर्णाधार निर्माणधीन मनोकामना शिव मंदिर परिसर में मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर 96 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। माना कैम्प क्षेत्र में पुलिस ने 21 ब्लाक माना कैम्प में छापा मारकर संतोष यादव 27 वर्ष पिता बृजलाल यादव निवासी ग्राम बनर्सी रायपुर से 11 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं पीटीएस रोड माना कैम्प रायपुर में राजेश कुमार पासवान 22 वर्ष पिता जागेश्वर पासवान को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 पाव देशी शराब जब्त किया है व 4 ब्लाक माना कैम्प में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बेचने की जानकारी मिलने पर हेमेश कुमार पैकरा 24 वर्ष पिता लोकनाथ पैकरा निवासी ग्राम बनर्सी को गिरफ्तार कर उसके पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत कानूनी कार्यवाही किया गया है।

क्रिसमस का विशेष व्यंजन केक, केक बिना क्रिसमस अधूरा

ईश्वर के पुत्र प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव : क्रिसमस

क्रिसमस ईसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है। ईसाई समुदाय के लोग इस त्योहार को बहुत धूमधाम और उल्लास के साथ मनाते हैं। यह त्योहार हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु ईसा मसीह या जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था।

जीसस क्राइस्ट एक महान व्यक्ति थे और उन्होंने समाज को प्यार और इंसानियत की शिक्षा दी। उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया था। इन्हें ईश्वर का इकलौता प्यारा पुत्र माना जाता है। उस समय के शासकों को जीसस का संदेश पसंद नहीं था। उन्होंने जीसस को सूली पर लटका कर मार डाला था। ऐसी मान्यता है कि जीसस फिर से जी उठे थे।

क्रिसमस के दिन ईसाई लोग अपने घर को भलीभांति सजाते हैं। क्रिसमस की तैयारियां पहले से ही होने लगती हैं। लगभग एक सप्ताह तक छुट्टी रहती है। बाजारों की रौनक बढ़ जाती है। घर और बाजार रंगीन रोशनियों से जगमगा उठते हैं। चर्च में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं। लोग अपने रिश्तेदारों एवं मित्रों से मिलने उनके घर जाते हैं। सभी एक-दूसरे को उपहार देते हैं। इस दिन आंगन में क्रिसमस ट्री लगाया जाता है। इसकी विशेष सज्जा की जाती है। इस त्योहार में केक का विशेष महत्व है। मीठे, मनमोहक केक काटकर खिलाने का रिवाज बहुत पुराना है। लोग एक-दूसरे को केक खिलाकर पर्व की बधाई देते हैं। सांताक्लाज का रूप धरकर व्यक्ति बच्चों को टॉफियां-उपहार आदि बांटता है।

सांताक्लाज स्वर्ग से आता है

ऐसा कहा जाता है कि सांताक्लाज स्वर्ग से आता है और लोगों को मनचाही चीजें उपहार के तौर पर देकर जाता है। क्रिश्चियन समुदाय के लोग हर साल 25 दिसंबर के दिन क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं। यह ईसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है। इसी दिन प्रभु ईसा मसीह या जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था इसलिए इसे बड़ा दिन भी कहते हैं। क्रिसमस के 15 दिन पहले से ही मसीह समाज के लोग इसकी तैयारियों में जुट जाते हैं। लगभग एक सप्ताह तक छुट्टी रहती है और इस दौरान बाजारों की रौनक बढ़ जाती है। घर और बाजार रंगीन रोशनियों से जगमगा उठते हैं।

चर्च में विभिन्न कार्यक्रम

क्रिसमस के कुछ दिन पहले से ही चर्च में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं जो न्यू ईयर तक चलते रहते हैं। मसीह गीतों की अंताक्षरी खेली जाती है, विभिन्न प्रकार के गेम्स खेले जाते है, प्रार्थनाएं की जाती हैं आदि। इ साई समुदाय के लोगों द्वारा अपने घरों की सफाई की जाती है, नए कपड़े खरीदे जाते हैं एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी बनाए जाते हैं।

इस दिन के लिए विशेष रूप से चर्चों को सजाया जाता है और प्रभु यीशु मसीह की जन्म गाथा को नाटक के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। कई जगह क्रिसमस की पूर्व रात्रि, गिरिजाघरों में रात्रिकालीन प्रार्थना सभा की जाती है जो रात के 12 बजे तक चलती है। ठीक 12 बजे लोग अपने प्रियजनों को क्रिसमस की बधाइयां देते हैं और खुशियां मनाते हैं।

क्रिसमस : एक नजर में

- क्रिश्चियन समुदाय के लोग हर साल 25 दिसंबर के दिन क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं।
- क्रिसमस का त्योहार ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।
- क्रिसमस क्रिश्चियन समुदाय का सबसे बड़ा और खुशी का त्योहार है, इस कारण इसे बड़ा दिन भी कहा जाता है।
- क्रिसमस के 15 दिन पहले से ही मसीह समाज के लोग इसकी तैयारियों में जुट जाते हैं।
- घरों की सफाई की जाती है, नए कपड़े खरीदे जाते हैं, विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं।
- इस दिन के लिए विशेष रूप से चर्चों को सजाया जाता है।
- क्रिसमस के कुछ दिन पहले से ही चर्च में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं जो न्यू ईयर तक चलते रहते हैं।
- इन कार्यक्रमों में प्रभु यीशु मसीह की जन्म गाथा को नाटक के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। मसीह गीतों की अंताक्षरी खेली जाती है, विभिन्न प्रकार के गेम्स खेले जाते है, प्राथनाएं की जाती हैं आदि।

गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना

क्रिसमस की सुबह गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा होती है। कई जगह क्रिसमस के दिन मसीह समाज द्वारा जुलूस निकाला जाता है। जिसमें प्रभु यीशु मसीह की झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं। सिर्फ ईसाई समुदाय ही नहीं, अन्य धर्मो के लोग भी इस दिन चर्च में मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना करते हैं। क्रिसमस पर बच्चों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र होता है सांताक्लॉज, जो लाल और सफेद कपड़ों में बच्चों के लिए ढेर सारे उपहार और चॉकलेट्स लेकर आता है। यह एक काल्पनिक किरदार होता है जिसके प्रति बच्चों का लगाव होता है।

क्रिसमस ट्री

इस दिन आंगन में क्रिसमस ट्री लगाया जाता है। इसकी विशेष सज्जा की जाती है और इसके माध्यम से सभी एक दूसरे को उपहार भी देते हैं। इस त्योहार में केक का विशेष महत्व है। केक क्रिसमस का विशेष व्यंजन है, इसके बिना क्रिसमस अधूरा होता है। मीठे, मनमोहक केक काटकर खिलाने का रिवाज बहुत पुराना है। इस दिन लोग चर्च और अपने घरों में क्रिसमस ट्री को सजाने और केक बनाने का बेहद महत्व है।

नववर्ष का आरंभ लाएगा बड़ा बदलाव

साल 2020 के आरंभ में ही धनु राशि में 5 बड़े ग्रहों का जमावड़ा लगा होगा और आगे चलकर 25 जनवरी को शनि मकर राशि में प्रवेश करेंगे जिससे बड़े सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन आएंगे। इसके साथ ही जनवरी के मध्य में लगने वाला चंद्र ग्रहण तथा जून के महीने में लग रहे दो बड़े ग्रहण, जो कि भारत में दिखाई देंगे, बड़े राजनैतिक उठा-पटक के संकेत दे रहे हैं। आइए देखें साल 2020 देश के बड़े नेताओं के लिए कैसा रहने वाला है।

नरेंद्र मोदी — पड़ोसी देश देंगे तनाव

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को वृश्चिक लग्न में हुआ था। वर्तमान में उनकी कुंडली में चन्द्रमा में शुक्र की विंशोत्तरी दशा जून 2020 तक चलेगी। शुक्र के उनकी कुंडली में युद्ध के सप्तम भाव का स्वामी होने के कारण इस दशा अवधि में पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ संबंध तनावपूर्ण रह सकते हैं। साल के मध्य में देश की सीमाओं पर पाकिस्तान और चीन से सीमित क्षेत्र में टकराव की संभावनाएं भी बनती दिख रही हैं। साल का अंत नरेंद्र मोदी के लिए कुछ सुखद होगा क्योंकि तब वह चन्द्रमा में सूर्य की शुभ दशा में चल रहे होंगे जो की उनकी वृश्चिक लग्न की कुंडली के अधिक अनुकूल है।

राहुल गांधी — कोर्ट के झमेले में फसेंगे

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गाँधी का जन्म 19 जून 1970 को तुला लग्न में हुआ था। इनकी कुंडली में राज्य स्थान का स्वामी दशमेश चन्द्रमा केमद्रुम योग में होकर धनु राशि में है। धनु राशि में वर्तमान में गुरु, शनि और केतु का गोचर चल रहा है जो कि इनके लिए कष्टदायक है। राहुल गाँधी वर्तमान में राहु में राहु की कठिन विंशोत्तरी दशा में चल रहे हैं जो कि इनकी जन्म कुंडली के पंचम भाव में होकर भ्रम की स्थिति निर्मित कर रहा है। जनवरी में पड़ रहा चंद्रग्रहण और जून में पड़ने वाला सूर्य ग्रहण इनके जन्मकालीन चन्द्रमा और सूर्य को पीड़ित कर कोर्ट केस व विवादों से इनको कुछ कष्ट देगा। साल के अंत में जब केतु गोचर में धनु राशि को छोड़कर वृश्चिक में चले जाएंगे तब जा कर राहुल गांधी को कुछ राहत मिलेगी।

अमित शाह — सेहत का रखना होगा ध्यान

केंद्र सरकार में गृह मंत्री अमित शाह का जन्म 22 अक्टूबर 1964 को कन्या लग्न में हुआ था। इनकी कार्यशैली की ही तरह इनकी कुंडली भी बेहद विलक्षण है। अमित शाह की कुंडली में दो बड़े स्थान परिवर्तन योग बन रहे हैं। दूसरे और 12वें घर के स्वामी सूर्य और शुक्र का स्थान परिवर्तन योग इनको चतुर वक्ता और राजनीतिज्ञ बनाते हैं तो वही अष्टम और लाभ स्थान में चन्द्रमा और मंगल का स्थान परिवर्तन योग आश्चर्यजनक तेज़ी से निर्णय लेने का साहस देता है। वर्तमान में राहु-चंद्र की दशा में चल रहे अमित शाह को स्वास्?य के संबंध में सचेत रहना होगा। अष्टम भाव में पड़े चन्द्रमा की अन्तर्दशा के कारण अभी हाल ही में उनके द्वारा पास किए नागरिकता बिल पर सुप्रीम कोर्ट कुछ प्रतिकूल निर्णय दे सकता है।

अरविंद केजरीवाल — चुनाव में दिखा सकते हैं कमाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख श्री अरविंद केजरीवाल का जन्म 16 अगस्त 1968 को सिंह लग्न में हुआ था। लग्न में बैठे 3 शुभ ग्रह गुरु, बुध और शुक्र के चलते उनकी राजनीति दिल्ली में शिक्षा, बिजली और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। किन्तु दूसरे घर में पड़े केतु और हानि के बारहवें घर में पड़े सूर्य और मंगल उनको विवादों में डालकर अक्सर परेशान करते रहे हैं। वर्तमान में चल रही गुरु में चन्द्रमा की शुभ दशा अरविंद केजरीवाल को कुछ राहत देगी। साल के आरंभ में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में केजरीवाल अच्छा प्रदर्शन कर सबको चौंका दे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। उनकी कुंडली के भाग्य भाव में बन रहा शनि और चन्द्रमा का योग उनको एक लंबा और सफल राजनीतिक करियर देने का ज्योतिषीय संकेत है।

नीतीश कुमार — बीजेपी से हो सकता है मतभेद

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को मिथुन लग्न में हुआ था। नीतीश कुमार की कुंडली में भाग्य भाव का स्वामी शनि सिंहासन के चौथे घर में पड़ा है जिसपर पंचमेश शुक्र की शुभ दृष्टि के कारण बड़ा राजयोग बना रहा है। कर्म भाव का स्वामी गुरु भाग्य भाव में जोड़तोड़ की राजनीति के कारक ग्रह राहु के साथ विराजमान है जिस कारण वह पिछले 15 वर्ष से बिहार में गठबंधन की सरकार सफलता पूर्वक चला रहे हैं। वर्तमान में राहु में बुध की शुभ विंशोत्तरी दशा में चल रहे नीतीश कुमार के लिए वर्ष 2020 सुखद रहेगा। साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। किन्तु जून के महीने में मिथुन राशि में पड़ रहे ग्रहण उनको कुछ विवादों में डाल कर परेशान कर सकते हैं।

उद्धव ठाकरे — साल का अंत बनाएगा अशांत

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का जन्म 27 जुलाई 1960 को कन्या लग्न में हुआ था। इनकी कुंडली के सिंहासन के चतुर्थ भाव में बैठे शनि और गुरु के योग पर राजसत्ता के दशम भाव से पड़ रही स्वराशि के वर्गोत्तम बुध की शुभ दृष्टि इनके लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनाने के ज्योतिषीय संकेत दिखा रही है। किन्तु गुरु में केतु की कठिन दशा के कारण इनके लिए गठबंधन की सरकार चला पाना टेढ़ी खीर साबित होगा। केतु विवादों के छठे घर में शनि और चन्द्रमा की दृष्टि से प्रभावित होकर उद्धव ठाकरे को उनके गठबंधन के सहयोगियों से समय-समय पर मुश्किलों का सामना करने पर विवश करेगा। साल 2020 के अंत में गुरु में शुक्र की परिवर्तनकारी दशा के आते-आते उद्धव ठाकरे की सरकार की स्थिरता पर पर संकट बढ़ने लगेगा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रात पलके सो गई

रात पलके सो गई और मैं जगी रही कमज़र्फ तुम्हारी यादें भी तो तैनात हो जाती हैं रात में नामुराद ये नींद भी कभी आती हैं कभी नहीं आती हैं! अजीब इत्तफ़ाक हैं ,न सारी रात जगाती हैं तेरी यादों में और मन हो जाता है ग़मग़ीन अल्फ़ाज मेरे हैं और ख्याल तुम्हारे। - **बेबी सिंह**

खास पाती | भूलने की कोशिश कर रही हू

हा मै भूलने की कोशिश कर रही हु तुम्हे पर तुम्हारी याद अब भी दिल के किसी कोने में ठहर गयी हे जो मुझे तुम्हे भूलने नही देती और तुम हो कि हमे याद भी नही करते ये केसी कशिश हे जो मुझे तुम्हारी तरफखीच ही लाती हे मै हर बार तुमसे हार जाती हु और तुम जीत जाते हो पता नही क्यों पर शायद मै आज भी तुम्हे चाहती हू और यही चाहत मुझे तुम्हे भूलने नही देती।।........

- सपना परिहार

विरोध में उतरे लोगों से भीड़ की उग्रता

विरोध में उतरे लोगों से भीड़ की उग्रता नहीं संभाली जा रही । सरकार हाथ पे हाथ रख के बैठी है। हम जैसे लोग शांति की अपील करते हुए थक गए । असामाजिक तत्वों को मौका मिल रहा है । महाभारत आंखों से देखने को उतावले हैं सब। सियासी चाल । जनता में भेड़ चाल । रोकने वाला कोई नहीं।

- चित्रा भरद्वाज

किसकी नज़र लगी है भारत को

किसकी नज़र लगी है बोलो,अपने प्यारे भारत को। शांति छोड़ जिसने अपनाया ,दंगा और शरारत को। आगजनी हिंसा का ताण्डव,हर ओर दिखाई देता है, लोग धर्म के नाम लिख रहे,नफ़रत भरी इबारत को।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

गुजरे ना दिन तुम बिन

गुजरे ना दिन तुम बिन सनम तन्हा ही रात कटे, तड़पता हुँ मैं आ भी जाओ एक बार मेरे लिये..... ! ना कोई मैसेज ना कॉल करूँगा मैसेंजर मे वेभ भी मैं ना करूँ अब, ढूंढ़ते उसे है जो गुम हो गया हो तुम तो बदल ही गये.....! गुजरे ना दिन तुम बिन सनम तन्हा ही रात कटे.....!! - **बब्लु सिंह**

खैरात की बारात मे जो? ढ़ोल? पीट रहे?

खैरात की बारात मे जो? ढ़ोल? पीट रहे? है गुलाम की जमात को आजाद नही बोलता खा रहे है देश का बजा रहे? विदेश का जो मै उन्हें एक बाप की औलाद? नही बोलता घोल रहे है जहर? देश की आवाम मे जो मै? ऐसे शायरो को इरशाद नही? बोलता अनपढ़ हु? मै किंतु गर्व? इस बात का है कि मै पाकिस्तान जिंदाबाद नही? बोलता।

- नरेन्द्र गुप्ता कवि

सड़क पार करते वक्त तेजी से आती गाड़ियां

सड़क पार करते वक्त तेजी से आती गाड़ियां पशुओं व बच्चों को रौंद रही...??डिवाइडर पर पेड़ों की वजह से दूसरी ओर से आती गाड़ियां नजर नही आती...कयी गाड़िया क्रासिंग पर भी धीमी गति से नही चलती ! अतिक्रमण कहकर किनारे के वृक्षों की कटाई कर दी गयी ...सड़क के मध्य डिवाइडर पर पेड़ दूर्घटना का कारण बन रहें! **- वंदनागोपाल शैली**

राष्ट्रध्वज को थाम कर जलादी राष्ट्र संपत्ती

राष्ट्रध्वज को थाम कर जलादी राष्ट्र संपत्ती।। किसी भी बुद्धिजीवी को नहीं हुई क्यों आपत्ती।। गांधी जी सदैव करते रहे विरोध हिंसा का। लोगों में क्यों नहीं रही अहिंसा के प्रति आसक्ति ।।

- राजकुमार शर्मा

नहीं मालूम कि बाहर हवा सर्द है

नहीं मालूम कि बाहर हवा सर्द है, ये भीतरका लावा,कुछ समझने ही नहीं देता । गरम हवाओं ने छेड़ा था राग अपना, अभी-अभी तो पिघली थी बर्फ यहीं पर, बिखरा था पानी, कुछ दूर बहे थे,हम -तुम भी सपनों की सजी नाव पर, जरद क्यो हो गयी, सपनों की दुनिया सर्द क्यो हो गया वो बहता पानी। - **सुलोचना भरद्वाज**

लघु कथा

नई परिभाषा

अस्सलाम वालेकुम, भाईजान! उसने बड़े अदब से कहा। वालेकुम अस्सलाम! आलम ने मुस्कुराते हुए अपरिचित का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा। भाईजान मेरा नाम रहमान है। मैंने सुना है कि दंगों में आपके वालिद ज. कहते-कहते रहमान रुक गया। आलम के चेहरे पर पुराने ज़ख़्म हरे हो गए। कबूतरों को दाना डालते हुए, मुझे बड़ा सकूँ मिलता है। लीजिए, आप भी इस नेक काम को अंजाम दीजिये। आलम ने अपने चेहरे पर मुस्कान लाते हुए कहा और रहमान की तरफ़ दानों से भरा थाल बढ़ाया। नेकी से जो चमक और ऊर्जा पैदा होती है। रहमान को आलम के चेहरे पर इस वक्त वही चमक दिखाई दी। तुम्हे ये शौक कबसे पैदा हुआ? रहमान ने चंद दाने कबूतरों के समूह की ओर फैंकते हुए कहा। मेरे दादा जान से। आलम ने मुस्कुराते हुए कहा। और तुम्हारे अब्बा! कहते-कहते रहमान फिर रुक गया। वो गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में मारे गए थे। आलम ने कबूतरों की तरफ़दाना फैंकते हुए अति-शांतिपूर्वक कहा। क्या तुम्हारे मन में बदले की भावना पैदा नहीं हुई? रहमान ने अपना लहजा थोड़ा सख्त किया। क्या किसी बेकसूर को मार देने से बदला पूरा हो जाता है। क्या मेरे अब्बू ऐसा करने से लौट आते? रहमान के प्रश्न के उत्तर में आलम ने ही उससे एक और प्रश्न किया। नहीं ज लेकिन इससे तुम्हारे दिल को तसल्ली मिलती। नहीं ज कोई तसल्ली हांसिल नहीं होती। रहमान भाई आपकी सोच एकदम ग़लत है! नफ़रत से कभी नफ़रत नहीं मिटाई जा सकती। आलम ने उसी सादगी से जवाब दिया, रहा सवाल तसल्ली का तो रोज़ाना कबूतरों को दाना डालने से मुझे जो सकून मिलता है उसका फ़ायदा ज़ाहिर तौर से मेरे वालिद की रूह तक भी पहुँचता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1241 - मंगोल के प्रमुख सेनानायक बहादुर तैर हुलागु खान ने लाहौर पर कब्जा किया। 1666 - गुरु गोविंद सिंह का जन्म। 1843 - गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के पिता देवेंद्र नाथ टैगोर ब्रह्म समाज में शामिल हुए। 1851 - देश में पहली मालगाड़ी रुडकी से चलायी गयी। 1853 - स्वामी रामकृष्ण परमहंस की पत्नी शारदा मां का जन्म। 1882 - थामस एल्वा एडीसन के बनाये गये बल्बों से पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया। 1887 - महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म। 1910 - अमेरिका में पहली बार डाक बचत पत्र जारी। 1941 - यूगोस्लाविया में मार्शल टीटो ने सेना की नयी ब्रिगेड का गठन किया। 1947 - इटली की संसद ने नया संविधान अंगीकार किया।

निगम चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं में दिखा उत्साह

65 से 70 प्रतिशत कुल मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम के 60 वार्डो में पार्षद पद के चुनाव के लिए मतदाताओं ने शनिवार को उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया में जहां युवा वर्ग ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाए पुरुष व बुजुर्ग भी इनसे कही पीछे नहीं रहे। जिससे कई मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतारे लगी रही। राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव सुश्री सरोज पांडेय, शहर विधायक अरुण वोरा, कांग्रेस नेता प्रताप मध्यानी, संभाग आयुक्त दिलीप वासनीकर, कलेक्टर अंकित आनंद के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रोत्साहित किया गया। मतदान के दौरान केलाबाड़ी वार्ड क्रं. 41 में भाजपा. कांग्रेस के समर्थकों के बीच झूमाझटकी, रायपुरनाका वार्ड क्रं. 46 में फर्जी मतदान की शिकायत के बाद प्रत्याशी समर्थकों के बीच आक्रोश को छोड़कर शेष वार्डो में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कलेक्टर अंकित आनंद, एसएसपी अजय यादव, दुर्ग सीएसपी विवेक शुक्ला एवं पुलिस के अन्य अधिकारी अलर्ट रहे। उन्होने संवेदनशील वार्ड तितुरडीह, दीपक नगर एवं अन्य वार्डो के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। समाचार के लिखे जाने तक शाम 5 बजे तक की स्थिति में कुल 64.57 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जिसके अनुसार 60.04 प्रतिशत पुरुष व 65.11 प्रतिशत महिला मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया जा चुका था। सुबह मतदान की प्रक्रिया काफी धीमी थी। जिसमें दोपहर 1 बजे के बाद तेजी आई। जिससे मतदान के निर्धारित अंतिम तक कुल 65 से 73 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

शांतिपूर्ण मतदान पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आभार व्यक्त किया

नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित आनंद ने आभार व्यक्त किया है। नगर निगम दुर्ग, भिलाई के वार्ड 3 एवं 10 में उपनिर्वाचन, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा एवं नगर पंचायत धमधा, पाटन, उतई में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर उन्होंने सभी मतदाताओं, नागरिकगणों, निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों, विभिन्न राजनीतिक दलों, मीडियाकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंनें कहा है कि सभी लोगों के समन्वित प्रयास से जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ है। जिले की गौरवमयी परंपरा को बनाए रखने का कार्य किया गया है। कमिश्नर ने रायपुर में और कलेक्टर ने दुर्ग शहर के झाडूराम देवांगन शाला में मताधिकार का प्रयोग किया। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय के चुनावों में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह से सभी लोगों ने मतदान किया।

राज्यसभा सांसद सरोज ने कहा कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल

राज्यसभा सदस्य सुश्री सरोज पांडेय ने पॉलीटेक्निक कॉलेज मतदान केन्द्र में मतदान किया। मतदान के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफ्ल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने किए वादों को पूरा करने में नाकाम है। नागरिकता संशोधन विधेयक पर सरोज ने कहा कि यह कांग्रेस और देश विरोधी लोगों द्वारा क्रिएट किया हुआ है, क्योंकि इसका नेतृत्व दिल्ली में कांग्रेस की नेत्री कर रहीं है।

विधायक वोरा ने कहा पूरे 60 वार्डो में कांग्रेस का माहौल

शहर विधायक अरुण वोरा ने तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आर्यनगर के मतदान केन्द्र में वोट डाला। इसके अलावा उनके पुत्र युवा नेता संदीप वोरा द्वारा भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान उपरांत विधायक वोरा और कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान के प्रतिशत व कांग्रेस प्रत्याशियों की स्थितियों का जायजा लिया। इसके पहले श्री वोरा ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि दुर्ग नगर निगम के 60 वार्डो में कांग्रेस का माहौल है। सभी कांग्रेस प्रत्याशी जीतकर आएंगे। यह जीत प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यो की जीत होगी। भाजपा यहां विधानसभा चुनाव की तर्ज पर केवल 15 वार्डो में ही सिमट कर रह जाएगी।

कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रॉतीय अधिवेशन कल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कूर्मि संझा की संयोजन समिती व कार्यकर्ता की बैठक कूर्मि भवन भिलाई में हूई। जिसमें संयोजक मोरध्वज चंद्राकर ने सदस्यो को जानकारी दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज का प्रॉतीय अधिवेशन 23 दिसम्बर को पं दिनदयाल आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर मे होगा। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के महासचिव ब्हीएस निरंजन एवं प्रदेशाध्यक्षता विजय बघेल के अध्यक्षता में होगा। सामाजिक महिलाओं की कलश यात्रा अनुपम गार्डन से निकलकर कार्यक्रम स्थल पहुचेंगी। छग में निवासरत 27 कुर्मि उपजाति के प्रतिक स्वरूप कलश की स्थापना, ध्वजारोहण, कुर्मि ध्वजगान व उपस्थित अतिथियों के स्वागत से अधिवेशन प्रारंभ होगा। छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी व अखिल भारतीय पदाधिकारी प्रतिनिधी मंडल भाग लेंगे। अधिवेशन मे प्रदेश संगठन,

ब्लाक, जिला स्तर पर और अधिक गतिशीलता प्रदान करने पर चर्चा होगी। महिला व युवा, छात्र विंग कार्यसमिति के प्रतिवेदन व समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनिय उपलब्धि प्राप्त समाज गौरव सम्मान व अच्छे कार्यो के लिए संगठनों को विषिष्ठ संगठन सम्मान प्रदान किया जाएगा। दोपहर रायपुर जिला के समग्र विकास पर योजना व कूर्मि रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। जिलाध्यक्षों, महिला व युवा, छात्र विंग कार्यसमिति के प्रतिवेदन एवं छग प्रदेश के सभी कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी शामिल होगें।

स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग प्रतियोगिता 25 से

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। उदयपुर राजस्थान में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित जूनियर, सीनियर, मास्टर इन्क्लाईन्ट ओपन बेंच प्रेस महिला एवं पुरूष स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के 9 सदस्यीय टीम 23 दिसंबर को राजस्थान के लिए रवाना होगी। प्रदेश एसोसिएशन के उपाध्यक्ष उमेश पाण्डेय ने बताया किए स्पर्धा में भाग लेने के लिए विगत दिनों दुर्ग जिले में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम का चयन किया गया। उदयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश से 95 कि.ग्रा. में अतुल सोनी, 89 कि.ग्रा. में पी पिंगला, 74 कि.ग्रा. में बैजु पाण्डेय, आशीष पैकरा, 68 कि.ग्रा. में आशीष मौर्या, 56 कि.ग्रा. में देवेन्द्र सिंह, राज देवांगन, दीपक गुप्ता, चंदन देवांगन का चयन किया गया है। विश्वास है किए प्रदेश की टीम उदयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीतकर छत्तीसगढ़ लौटेगी।

सड़क पर फेका कचरा, उठवाकर लिया 5 सौ जुर्माना

दुर्ग (नवप्रदेश)। निगम आयुक्त इन्द्रजीत बर्मन के निर्देश पर शहर में नालियों और सड़कोंएगलियों की सफ्ाई निरन्तर करवाया जा रहा हैए निगम कर्मचारी सफ्ाई दरोगा द्वारा वार्ड 42 कसारीडीह गली नं. 5 की दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक कार्यरत सुमन मन्ड्रिक द्वारा सड़क पर कचरा फेंकते देखा गया। महिला द्वारा आनाकानी करने पर भी सड़क पर फेका हुआ कचरा को उन्ही से वापस सड़क से उठवाकर डस्टबिन में डलवाकर उनसे 5 सौ का जुर्माना वसूला गया। आयुक्त इन्द्रजीत बर्मन ने कहा कि कचरा घर के बाहर सड़क किनारे एवं नाली गलियों में न फेकेए कचरा डस्टबिन में रखें। कचरा बाहर फेंकते देखे जाने पर कार्रवाही कर जुर्माना वसूला जाएगा।

महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री महावीर प्राकृतिक एवं योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर राधिका नगर में किया गया, जिसमें आस-पास नगर के 94 लोगों ने अपने सेहत की जांच करवाई। शिविर में हर उम्र के लोगों ने अपना पंजीयन कराकर अपनी समस्याओं जैसे मधुमेह, जोड़ो एवं कमर-पीठ दर्द, पेट संबंधी बीमारी, मोटापा, एयूप्रेंशर, एक्सरसाईज,

ब्लडप्रेशर, को प्राकृतिक चिकित्सक के समक्ष रखा। दैनिक रोगों से जुझ रहे लोगों ने शुगर जांच एवं आहार चिकित्सा के साथ योग चिकित्सा से शरीर को स्वस्थ रखने के तरीके एवं लाभ की जानकारी लिए। शिविर में डॉ. पुष्पाजंलि, डॉ. आंकांक्षा मिश्रा, डॉ. रिति खरे, डॉ. शिखा भुवाल एवं श्रीमती पूनम दूबे, प्रिया साव के साथ महाविद्यालय छात्राओं ने अपनी सेवा दी।

जागरूकता अभियान

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग एवं निगम की संयुक्त टीम द्वारा निरन्तर वार्ड लक्ष्मी नगर, कोस्टा पुरानी बस्ती, सुपेला बाजार, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, छावनी बस्ती, घासीदास नगर, कान्ट्रेक्टर कालोनी, अंबेडकर नगर, राजीव नगर, कुरूद, प्रेमनगर, नेवईभाठा, जोरातराई, कुल 22 स्थलों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर शिविर में आए कुल 1126 मरीजों का पंजीयन किया गया था।

कर्मचारी संघ की प्रांतीय इकाई का गठन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। केन्द्रीय श्रम कल्याण संगठन कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक में प्रांतीय इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रदेश महासचिव हरि कुमार वर्मा को चुनाव के द्वारा मनोनित किया गया। चयनित कमेटी में रिसाली सेक्टर से संजय शर्मा अध्यक्ष, इस्पात नगर भिलाई से हरिकुमार वर्मा महासचिव, उपाध्यक्ष डीपी डहेरिया बचेली, कोषाध्यक्ष काजल कुमार चांद राजहरा, सहसचिव अजय रैकवार रायपुर, संगठन सचिव रामअवध

राजनांदगांव, कार्यकारिणी सदस्य अनवर वाचा धमतरी, पदुमलाल राजनांदगांव, प्रवीण अहिरवार राजहरा, वाई कोटइया रायपुर, गोवर्धन दसमेर राजहरा, आरपी वर्मा राजनांदगांव चुना गया। चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों से चर्चा कर हल करेगें। महासचिव हरि ने अनुकम्पा नियुक्ति कर्मचारियों की जो भी समस्याएं एवं उनके पुराने बिलो का भुगतान के जैसे भी हो पन्द्रह दिनों के अंदर समस्या दूर करने की बात कही। मंच संचालन प्रवीण अहिरवार व धन्यवाद ज्ञापन केके चांद ने किया।

गर्ल्स कॉलेज की टीम विजेता बनी

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के फायनल में लगातार 5वी बार पहुँची। राजनांदगांव के शासकीय कमला देवी महाविद्यालय मैदान में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मैच में स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको तथा कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के बीच मैच खेला जाना था। किन्तु स्वरूपानंद महाविद्यालय की टीम मैदान में उतरी ही नहीं अंततः निर्णायकों ने कन्या महाविद्यालय की टीम को वाक ओवर दे दिया। आयोजक प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने पुरस्कार वितरण किया।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KHEM CHAND MADHYANI S/O SHRI TEDOMAL MADHYANI निवासी H.NO.-456/24, SINDHI COLONY, POLYTECHNIC COLLEGE, WARD-24, DESHLEHARA NAGAR, DURG,DIST-DURG, C.G. यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KHEMAMAL MADHYANI S/O SHRI TEDOMAL MADHYANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KHEMAMAL MADHYANI S/O SHRI TEDOMAL MADHYANI से ही जाना पहचाना जावे।

KHEMAMAL MADHYANI
H.NO.-456/24,SINDHI COLONY,POLYTECHNIC COLLEGE,WARD-24,DESHLEHARA NAGAR,DURG,DIST-DURG,C G

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SUNITA MADHYANI W/O SHRI ANAND MADHYANI निवासी H.NO.-456/24, SINDHI COLONY, POLYTECHNIC COLLEGE, WARD-24, DESHLEHARA NAGAR, DURG, DIST-DURG, C.G. यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MAHEK MADHYANI W/O SHRI ANAND MADHYANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MAHEK MADHYANI W/O SHRI ANAND MADHYANI से ही जाना पहचाना जावे।

MAHEK MADHYANI
H.NO.-456/24, SINDHI COLONY, POLYTECHNIC COLLEGE, WARD-24, DESHLEHARA NAGAR, DURG, DIST-DURG, C G

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./56/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनजय कुमार पिता मूलचंद साहू निवासी ग्राम भिलाई तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 394, 30 रकबा 0.018 हे. अर्थात 1980 वर्गफुट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मूलचंद साहू पिता गंगादीन साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 26.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 06.12.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./52/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम रामा कृष्णा वर्मा पिता एम वाय वर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम पहंडोर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 856 का टु. रकबा 1020 वर्ग. हे भूमि को विक्रेता कदम बाई पति सीताराम निवासी ग्राम पचपेडी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.03.2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 24.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./54/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम रामा कृष्णा वर्मा पिता एम वाय वर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सोमनी तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 500/8 का टु. रकबा 198 वर्ग. भूमि को विक्रेता नदीम शाहबाज पिता बेचन निवासी ग्राम भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 03.02.2015 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 24.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम भिलाई 03 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रिका प्रसाद चक्रधर पिता मेहत्तरु राम चक्रधर निवासी एकता नगर भिलाई 03 द्वारा अपने पिता मेहतरु राम चंद्राकर का मृत्यु दिनांक 20.09.2014 को हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् है। जिस पर किसी बी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना हो तो व दिनांक 28.12.2019 तक मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित रुप से नियत दिनांक तक आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./53/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चरणराम साहू पिता विष्णुराम साहू निवासी ग्राम शांति पारा भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सोमनी तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 500/8 रकबा 198 वर्ग. हे भूमि को विक्रेता नदीम शाहबाज पिता बेचन निवासी ग्राम भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.03.2015 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 24.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./347/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीनाक्षी साहू पति लक्ष्मण प्रसाद साहू निवासी ग्राम जेल रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 251/23 रकबा 0.022 हें भूमि को विक्रेता श्रीमती सुषमा चंद्राकर पति नितिश चंद्राकर निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./132/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश सिंह चंदेल पिता स्व. घनीराम चंदेल निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/39 रकबा 0.0200 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./297/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र देवांगन पिता मन्नूलाल देवांगन निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/213 रकबा 0.015 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मन्नूलाल आ. साधुराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं.//वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष साहू पिता मयाराम साहू निवासी उरला मौजा उरला प.ह.न 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 543/2 रकबा 0.025 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 27.08.2016 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./305/अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री श्याम मनोहर द्विवेदी आ. श्री शिवरतन लाल द्विवेदी निवासी आदित्य नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 12/101, 13/101 रकबा 0.011 हें/1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./47/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय वैष्णव पिता रामकृष्ण दास निवासी ग्राम रसमड़ा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सोमनी प.ह.न 12 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 755 रकबा 0.25 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.25 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 27.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./57/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम साहू पिता दुकालू राम निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 146, 592 रकबा 0.0600, 0.6600 हे. भूमि कुल खसरा .. कुल रकबा ..हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 13.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 06.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहद्रा बाई पति जगन्नाथ निवासी सांकरा ने ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1163, 1214 रकबा 0.15, 0.15 हे. को वसीयतनामा विरासत हक के आधार पर भूमि स्वामी पतैया पिता मदन का नाम विलोपित कर अपने नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 16.01.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

शादी का झांसा देकर अनाचार

महासमुंद। शादी का झांसा देकर तीन साल तक अनाचार करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। युवक पर जान से मारने की धमकी का भी आरोप है। घटना तेंदूकोना थाना क्षेत्र की ग्राम भरूवामुड़ा की है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर भुवनलाल साहू के खिलाफ 376, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। युवती के अनुसार युवक ने शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण किया और शादी से मुकर गया और भगा दिया।

दोपहिया चोरी

महासमुंद। ग्राम अर्जुनी में घर के सामने खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। पुलिस के अनुसार अर्जुनी निवासी भैयाराम पिता चंद्रभान पटेल अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीडब्ल्यू 9948 से 14 दिसंबर को सुखराम ध्रुव के घर गया था। घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर चाबी भूल गया। कुछ देर बाद दोपहिया गायब थी।

ओपन की संपर्क कक्षा 25 से

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर के सचिव के आदेशानुसार प्रथम चरण की व्यक्तिगत संपर्क कक्षाएं समय सुबह 10 से 2.30 बजे तक 25 से 31 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें सत्र 2019-20 परीक्षा के लिए पहली बार हाई-हायर सेकेंडरी आवेदन फार्म जमा किए हुए छात्र-छात्राएं दिए गए शाला के समय सारणी के अनुसार शाला में पहुंचकर कक्षा में शामिल हो सकते हैं और अपनी कठिनाई को दूर कर सकतें है।

22 से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

महासमुंद। दलदली रोड स्थित कालोनी में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक आयोजित है। दोपहर एक से अपरान्ह 4 बजे तक कथा का वाचन पं तोमन प्रसाद पाठक करेंगे। परायण व पूजन पं बीरबल पाठक करेंगे।

सड़क हादसे में मौत, जुर्म दर्ज

महासमुंद। खल्लारी थानांतर्गत ग्राम कोसरंगी के पास 15 दिसंबर को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। इस घटना में दो सगे भाईयों की मौत हो गई थी। ये दोनों राजनांदगांव के भंसाली परिवार के थे। मर्ग जांच में चालक को आरोपी पाया गया। जांच में पाया गया कि कार क्रमांक सीजी 08 एएफ 0650 का चालक दिनेश कुमार साहू राजनांदगांव से खरियार रोड ओडिशा जाते समय कार को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर कोसरंगी नाला के पास रोड किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया।

22 से क्रिकेट स्पर्धा

महासमुंद। जूनियर स्टार टीम द्वारा खरोरा में सात दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 22 दिसंबर से आयोजित है। शुभारंभ मुख्य अतिथि रामआसरे होंगे। वहीं, अध्यक्षता कमलेश चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि प्रेम चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, वाणी लक्ष्मीकांत, देवदत्त चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। स्पर्धा का पहला पुरस्कार 10 हजार रुपए व शील्ड, दूसरा पुरस्कार 5 हजार रुपए व शील्ड दिया जाएगा।

वैश्विक तापमान विषय पर सेमिनार

महासमुंद। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय महासमुंद में वैश्विक तापमान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर एवं सहायक प्राध्यापक नारायण चक्रधारी की उपस्थिति में विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के आयोजन में अतिथियों ने बढ़ते तापमान पर अपने विचार रखे।

मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न, 81 फीसदी मतदाताओं ने लिया फैसला

- युवा वर्ग सहित वृद्ध महिलाओं में दिखा उत्साह, अधिकतर महिलाओं ने वील चेयर में बैठकर किया मतदान
- नगर में एक दशक बाद एवीएम की जगह, मतपेटी से हुआ चुनाव सम्पन्न

नवप्रदेश संवाददाता

लवन । नगरीय निकायों के लिए मतदान शनिवार 21 दिसम्बर को शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो गया। प्रदेश में इस बार अप्रत्यक्ष प्रणाली से निकायों का चुनाव करवाए गए है, जहां ईवीएम की बजाय मतपत्र से मतदान हुआ है। लवन में औसतन 81 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। निर्वाचन से मिली जानकारी के अनुसार यहां 15 वार्डो के लिए आम चुनाव सम्पन्न होना था जो शनिवार की शांम 5 बजे से सम्पन्न हो गया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन द्वारा यहां चाक-चैबंद व्यवस्था की गई। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, और शांम 5 बजे सम्पन्न हो गया। मतदान के अंतिम समय तक मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं की खासी भीड़ जमी रही। नियत समय तक जो मतदाता समय पर पहुंचे उनका मतदान पूर्ण कराने के पश्चात ही मतपेटी सील की गई। निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा ने बताया ने कि मतदान को शान्तिपूर्ण, स्वतंत्र तथा निष्पक्ष ढंग से मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेत प्रत्येक मतदान पोलिंग बुथ के लिए पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। जिसके चलते ही चुनाव शांतिपूर्ण तरीके ही सम्पन्न हो सका। वही चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने में लवन पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यहां पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा सुबह से शांम 5 बजे तक दिनभर पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करती रही जिसके परिणाम स्वरूप ही यह आम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। नगर में सुबह से ही मतदान केन्द्रो के दोनों ओर मतदाताओं की काफी भीड़ जमी रही। दिनभर मतदाता वोंट के लिए आते दिखे। वही प्रत्याशी भी मतदाताओं की दिनभर पुछ परख करते दिखे। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी मतदाताओं का हाल चाल जानने के लिए दिनभर वार्ड का भ्रमण करते दिखे। वही अधिकतर प्रत्याशी मतदान केन्द्र में जाने वाले गेट के सामने ही दिनभर डटे रहे। इस दौरान नगर के मतदाताओं को मतदान कक्ष के बाहर मेले जैसा माहौल दिनभर बना रहा।

मासूम संग दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा

वीडियो बनाकर शारीरिक संबंध के लिए करते थे ब्लैक मेलिंग

- 60 प्रतिशत जली अवस्था में 112 ने पहुंचाया था डोंगरगाँव अस्पताल, हालत नाजुक

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। वो आसमान में उड़ना चाहती थी, उसने कभी सीए बनने के ख्वाब देखे थे, तो कभी प्रशासनिक सर्विस का सपना संजोया था, परन्तु हैवानों ने उसे मौत को गले लगाने पर मजबूर कर दिया। कुछ ऐसी ही कहानी है गुरूवार को अग्निस्नान करने वाली नाबालिग की, जिसे दरिंदों ने घर छोड़ने के बहाने अपने हवस का शिकार बनाकर उसका विडियो बनाया फिर लगातार उसे और भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देकर ब्लैकमेल करते रहे। नतीजा यह कि घटना के सात दिन के बाद ही आसमां (काल्पनिक नाम) ने त्रस्त होकर अग्नि स्नान कर लिया। इधर पुलिस ने पीड़िता के बयान व परिजन के कथन अनुसार मामले में 376डी एवं पाक्सो एक्ट की धारा 4 व 8 में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी दौलत पिता कीर्तन सोनकर अमलीडीह सहित एक अन्य नाबालिक आरोपी को गिरफ्तारी उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी दौलत सोनकर को जेल दाखिल किया, वहीं नाबालिक को बाल संप्रेषण गृह में रखा गया है। वहीं घटना को लेकर क्षेत्र में काफी आक्रोश का माहौल है।

गुरूवार को घटित इस हृदय विदारक घटना के संदर्भ में पीड़िता ने पुलिस को जो बयान दिये हैं वह झंझकोर देने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता लगभग आठ-नौ दिवस पहले स्कूल से छुट्टी उपरांत घर आ रही थी कि तभी आरोपी दौलत सोनकर और उसका नाबालिक साथी वहाँ पहुंचे और उसे घर छोड़ देने की बात कहकर गाड़ी में बिठाकर बगदई से साल्हे मार्ग स्थित सूने खंडहर में ले जाकर उसके साथ अनाचार किया। संभवतः इसी दौरान उसका विडियो भी आरोपियों ने बना लिया था। दोनों ही आरोपियों ने उक्त विडियो को बनाने का कहकर पीड़िता को और भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल कर रहे थे, जिससे दुखी होकर पीड़िता ने गुरूवार को अपने घर के बाड़ी में मिट्टी तेल डालकर अग्निस्नान कर लिया था। जिसे गंभीर हालत में डोंगरगाँव अस्पताल लाया गया था, जहाँ से रिफर के बाद जिला चिकित्सालय में पीड़िता का ईलाज किया जा रहा था, लेकिन पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया है।

77 मरीजों के दांतों की जांच कर किया उपचार

महासमुंद। स्थानीय श्री शांति विजय सेवा समिति द्वारा महावीर भवन में निःशुल्क दंत रोग एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 77 मरीजों के दांतों की जांच कर उपचार किया गया। बिना इंजेक्शन बिना दर्द के करीब 44 दांत निकाले गए।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विनोद चन्द्राकर ने सभी डॉक्टरों का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में आकर आप सभी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। जिससे आम जनता लाभान्वित होंगे। विधायक चन्द्राकर ने भी स्वयं अपने दांतों की जांच कराई। डॉ सरोज बैन ने दांतों की सुरक्षा के लिए कुछ जानकारियों प्रदान की।

निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर में करीब 44 मरीजों की जांच कर थेरेपी पद्धति से उपचार किया गया। शिविर में आशा बैद ने बताया कि मुझे काफी शारीरिक तकलीफथी। डाक्टरों ने खाने पीने एवं दिनचर्या की विस्तृत जानकारी दी। डॉ रत्नेश जायसवाल, डॉ लमिया पकड़े ने भी मरीजों का उपचार किया। समिति ने डॉ. सरोज बैन जोशी, डॉ. रत्नेश जायसवाल, डा. माया पगाड़े को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में हेमचंद गोलछा एवं हंशा बैन मेहता का सहयोग रहा।

मुंबई साहित्य महोत्सव में शामिल होंगे राजा

महासमुंद। अखिल भारतीय अग्नि शिखा मंच मुंबई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 24-25 दिसंबर को मारवाड़ी फतेहपुरिया पंचायती वाडी में संपन्न होने जा रहा है। विभिन्न राज्यों से लगभग 200 रचनाकार शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में पहले दिन 24 दिसंबर को चतुर्थ सत्र जो कि लघुकथा पर आधारित है, में महासमुंद, छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व के रुप में लघुकथाकार महेश राजा को आमंत्रित किया है। इस सत्र में महेश राजा विशेष अतिथि होंगे और लघुकथा पर अपना आलेख पाठ करेंगे। ज्ञातव्य है कि पिछले चार दशकों से महेश राजा लघुकथा में प्रतिष्ठित नाम है। उनकी दो पुस्तकें, बगुला भगत और नमस्कार प्रजातंत्र छप चुकी है। भारत भर की लगभग सभी प्रतिष्ठित पत्र पत्रिका में उनकी रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। इनकी 55 लघुकथाओं को रविशंकर यूनिवर्सिटी के शोध प्रबंध में स्थान मिल चुका है। महेश राजा की रचनाएं, गुजराती, पंजाबी उडिया,बंगाली व छत्तीसगढ़ी में अनुदित हो चुकी है।

पैरावट से शराब बरामद

महासमुंद। मतदान दिवस को चुनाव के दौरान शराब खपाने के लिए पैरावट में छिपाकर रखी गोवा शराब पुलिस ने बरामद की है। बागबाहरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरूवार रात सवा 8 बजे दारगांव के चमरू के पैरावट में दबिश दी। जिसमें छिपा कर रखी पांच पेटी करीब सवा 43 लीटर गोवा अंग्रेजी शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत 21600 हजार रुपए बताई गई है।

छतवन में पंथी नृत्य और सुवा नृत्य की रही धूम

महासमुंद। बया के समीपस्थ ग्राम छतवन में 19 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। सुबह गुरू घासीदास बाबा की आरती बाद दोपहर 3 बजे पंथी नृत्य की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का गांववालों ने जगह-जगह स्वागत कर आशीर्वाद लिया। शाम 5 बजे समाज की महिलाओं ने जैतखाम में स्थापित गुरू बाबा जी की सामूहिक पूजा-अर्चना की। बाद पालो चढ़ाया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष मोतीलाल लहरे ने बताया कि गुरू बाबा ने मनखे-मनखे एक समान ध्येय बनाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके बतलाए मार्ग और आदर्शों को हमें आत्मसात करना चाहिए। शाम 5 से रात 10 बजे तक गांव की युवा पंथी मंडली और कुशगढ़ से आमंत्रित पंथी दल ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार प्रभाकर और भुवनेश्वर प्रभाकर ने किया। बाद रात्रि में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए सुआ नृत्य व गम्मत नाच का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष श्री लहरे, लक्ष्मीदास प्रभाकर, अमरदास प्रभाकर, बरसाती प्रभाकर, चैतराम कोसरिया, परमानंद प्रभाकर, सफेद प्रभाकर, अशोक प्रभाकर समेत समाज के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

राजनांदगांव। गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव 2019 के अंतर्गत जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सतनाम भवन राजनांदगांव में किया गया। प्रतियोगिता के लिए 22 पंथी दलों की प्रविष्टि हुई थी। इनमें से 18 दलों ने पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला लोकगीत, लोक गायन, लोक नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी आदि की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल

गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर झन्कार युवा लोक कला मंडल पंथी नृत्य पार्टी ग्राम ठाकुरटोला को प्रथम, सत्य संगम पंथी नृत्य दल ग्राम बागतराई को द्वितीय तथा सतनाम भजन पंथी नृत्य पार्टी ग्राम बिल्हरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पंथी दलों को क्रमशः 5 हजार रूपए, 3 हजार रूपए एवं 2 हजार रूपए का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पंथी दल राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

24 को सरखोर में मनाया जाएगा गुरु घासीदास जयंती

लवन। ग्राम पंचायत सरखोर के आजाद चौक में 24 दिसंबर दिन मंगलवार को गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें दोपहर 1 बजे से पंथी कार्यक्रम व शाम 4 बजे से ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि में छाया चंद्राकर की सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुर्रे व संरक्षक मोहन बंजारे ने बताया कि गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुश्री शकुंतला साहू होंगे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच देव कुमारी बंजारे की द्वारा किया जाएगा।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए नि :शुल्क आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

राजनांदगांव। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के माध्यम से संचालित नेशनल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हब योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवक्तियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में प्रशिक्षण जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होकर तीन सप्ताह तक चलेगा। प्रशिक्षण में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केन्द्र राजनांदगांव में 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष आयु के 5वीं पास युवा प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। हितग्राहियों की संख्या 60 रहेगी और जो दो बेचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता में कन्या कॉलेज दुर्ग विजयी

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग एवं स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई के मध्य खेला जाना था, किन्तु स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय की पूरी टीम उपस्थित न होने के कारण शास. डा. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग को विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के समापन में आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने फिटनेस, खानपान और अनुशासन का ध्यान रखना चाहिये। बेस्ट बैट्समेन का खिताब निधी सूर्यवंशी (शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग), बेस्ट बॉलर प्रिया शर्मा (स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई), बेस्ट किपिंग शकीना (शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव) एवं बेस्ट प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट का खिताब देवकी ढीमर (कप्तान शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग) को प्राप्त हुआ।

औचक निरीक्षण चेक पोस्ट और धान उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण, एक घंटे तक रहे धान उपार्जन केन्द्र में

वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी रात को कल्लूबंजारी चेक पोस्ट पहुंचे

राजनांदगांव। वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में धान के अवैध परिवहन रोकने के लिए स्थापित किए गए चेक पोस्टों और धान उपार्जन केन्द्रों के आकस्मिक निरीक्षण का सिलसिला लगातार जारी है। दुर्ग संभाग के कमिश्नर दिलीप वासनिकर, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग विवेकानंद सिन्हा, पुलिस उप महानिरीक्षक दुर्ग रतन लाल डांगी तथा कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने संयुक्त रूप से देर रात छुरिया विकासखंड के कल्लूबंजारी में स्थापित चेक पोस्ट तथा धान उपार्जन केन्द्र कल्लूबंजारी का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों का दल लगभग डेढ घंटे तक चेक पोस्ट और धान उपार्जन केन्द्र में रहा।

कमिश्नर श्री वासनिकर सहित सभी अधिकारियों ने सबसे पहले कल्लूबंजारी के चेक पोस्ट की बेरियर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर संधारित वाहन पंजी की सघन जांच की। अधिकारियों ने कल 19 दिसम्बर को दिनभर चेक पोस्ट से गुजरे वाहनों की एन्ट्री की बारीकी से जांच की। इसके बाद अधिकारियों का दल धान उपार्जन केन्द्र कल्लूबंजारी पहुंचा। रात को 7.45 बजे वहां पर भरे बारदानों की स्टेकिंग का कार्य चल रहा था। अधिकारियों ने समिति प्रभारी और अन्य कर्मचारियों को बुलाकर कार्यालय का ताला खुलवाया। अधिकारियों ने धान उपार्जन केन्द्र में एक घंटे तक किसान पंजी, टोकन पंजी, धान खरीदी पंजी और धान आवक पंजी की सघनता से जांच की। धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी से धान खरीदी के लक्ष्य, खरीदे गए धान की मात्रा सहित धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में पूछताछ की साथ ही किसानों के रकबे और प्रति एकड़ में होने वाले उत्पादन की जानकारी भी ली। सभी अधिकारियों ने भरे बारदानों की स्टेकिंग व्यवस्था का अवलोकन भी किया।

संभाग आयुक्त श्री वासनिकर और पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने ऑनलाईन प्रविष्टि रिकार्ड और रजिस्टर पंजी में लिखे रिकार्ड की बारीकी से जांच की। जांच में पाया कि पंजी रजिस्टर में पृष्ठ क्रमांक नहीं लिखा हुआ था और न ही सत्यापित हुआ था। श्री वासनिकर ने रजिस्टर पंजी में पृष्ठ क्रमांक लिखकर सत्यापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने खाली बारदानों में लगे ठप्पे की प्रत्यक्ष जांच की। जिसमें उपार्जन केन्द्र का नाम, खरीदी वर्ष के साथ पंजीयन क्रमांक भी लिखा हुआ था। अधिकारियों के पूछने पर समिति प्रबंधक ने बताया कि कल्लूबंजारी धान उपार्जन केन्द्र के अंतर्गत आस-पास के 6 गांव आते हैं। इनमें आटरा, मोहगांव, आमगांव, गिधवाभांवर, बूचाटोला और दर्रेबंजारी शामिल है। इस साल इन गांवों के 1 हजार 396 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराए हैं। समिति प्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 850 क्विंटल धान की खरीदी का लक्ष्य दिया गया है।

मतदाता मौन, प्रत्याशियों की धड़कने तेज

■ 24 दिसंबर को होगा हार जीत का फैसला, कौन बनेगा वार्ड पार्षद फिर अध्यक्ष

■ निकाय चुनाव शहर के लिए हुआ वोटिंग, पूरे जिले के 6 निकाय में 75.41 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याषियो ने भी इस चुनाव में जीत हासिल करने जी तोड मेहनत की है। वही मतदाताओ को लुभाने अनेक प्रकार के प्रयास भी किए है। अब मतदाताओं ने मतदान तो कर दिया है। लेकिन अब प्रत्याषियो की धडकने आने वाले परिणाम को लेकर और तेज हो चुका है। फिलहाल अभी मतदान तो षांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया, पर अब राजनितज्ञ आने वाले परिणाम को लेकर गुणा भाग करने मे जुट गए है। जो भी हो 24 दिसंबर को परिणाम आने के बाद तय हो जाएगा कि किस वार्ड से किस प्रत्याषी की जीत हुई। ज्ञात हो कि शनिवार को जिले के 6 नगरीय निकायों में पार्षद पद के लिए शांतिपूर्ण चुनाव संपंन्न हुआ। किसी भी केन्द्र में विवाद की स्थिति नहीं थी। नगरीय निकाय अंतर्गत कवर्धा नगर पालिका के 27 वार्ड व पिपरिया, सहसपुर लोहारा, पंडरिया, पांडातराई, बोड़ला नगर पंचायत के 15-15 वार्ड में पार्षद प्रत्याशियों के लिए चुनाव हुआ। इन निकाय में करीब 332 नेता चुनाव में खड़े हुए है। कवर्धा शहर के लिए 49 मतदान केन्द्र बनाए गए। वहीं पूरे जिले में 75 प्रतिशत तक का मतदान हुआ है। वैसे से अधिकृत आंकड़े नहीं है। शनिवार शाम को कई लोग वोटिंग करने लाईन पर लगे रहें है। लेकिन कयाय लगाए जा रहें है कि 6 निकायों में 75 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुआ है। देर रात तक वोटिंग प्रतिशत निकाला गया। वहीं सभी निकायों में मतदान सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ है। सबसे ज्यादा मतदान का प्रतिशत बोड़ला व पंडरिया नगर पंचायत में रहा हैं।

अफसरों ने किया मतदान

कवर्धा नगरीय निकाय में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के संदेश के साथ कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के संग आज जिले के आला अफसरों ने एक साथ मतदान केंद्र पहुँच कर मतदान किया। कलेक्टर श्री शरण के साथ उनकी पत्नी रुद्राणी सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, एसडीएम विपुल गुप्ता, डीएसपी श्री अजीत ओगरे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने सुबह मतदान केंद्र (कन्या महाविद्यालय) पहुँच कर मतदान किया। कलेक्टर ने बताया कि कबीरधाम जिले के छह नगरीय निकायों में निर्धारित समय सुबह 8 बजे से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। जिले में 124 मतदान केंद्र बनाए गए है। कवर्धा में 49 मतदान केंद्र बनाए गए है। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त किया गया है।

सेल्फी जोन भी बनाया गया

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने 21 दिसम्बर को होने वाले नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने मतदान केन्द्रों में दो पोस्टर लगाने के निर्देश दिए थे। आयोग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मतदान के दिन सेल्फी जोन एवं मतदान की प्रक्रिया के संबंध में प्रकाशित पोस्टरों को मतदान केन्द्रों में लगवाएं। इस कारण जिले के 124 मतदान केन्द्र में सेल्फी जोन का पोस्टर लगाया गया। यहां मतदाता मत देने के बाद पोस्टर के साथ अपनी सेल्फी ली। दूसरा पोस्टर मतदान प्रक्रिया से संबंधित था जिसमें मतदान केन्द्र के बाहर सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया। इस पोस्टर में मतदान हेतु अनुमोदित पहचान दस्तावेजों की जानकारी तथा मत डालने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई है।

पूर्व सीएम डॉ.रमन ने किया मतदान

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन ने कवर्धा में पार्षद प्रत्याशी के चुनाव में मतदान किया। वे शाम 4 बजे मतदान केन्द्र पहुंचे हुए थे। मतदान के लिए उन्होंने केन्द्र में लाइन लगाई। इसके बाद वोटिंग किया। मतदान कर वापस आने पर उन्होंने कहा कि कवर्धा के 27 वार्ड में भाजपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा जीतकर आएंगे। इसके साथ ही बोड़ला, पंडरिया, पिपरिया, सहसपुर लोहारा, पांडातराई में भाजपा की स्थिति ठीक है। 24 तारीख को नतीजे वाले दिन सभी निकाय में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जितेंगे। इस दौरान जिला भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मतदान केन्द्र में हुआ विवाद

इधर दोपहर करीब 3 बजे कवर्धा शहर के वार्ड नंबर 14 के मतदान केन्द्र में कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों के बीच विवाद हुई हैं। बाद में पुलिस व प्रशासन ने अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया। बताया जा रहा है कि किसी एक प्रत्याशी के एजेंट को मतदान केन्द्र में भोजन देने गई टीम अंदर में बहूत देर तक बैठ गई। इस कारण दूसरे पार्टी ने विरोध किया। इस कारण दोनो के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी।

प्रत्याशियों की धड़कन तेज

मतदान होने के बाद प्रत्याशियों की घड़कन तेज हो गई है। परिणाम 24 दिसंबर को जारी होंगे। इस दिन मतगणना होता। कवर्धा शहर के लिए मतगणना स्थल पीजी कॉलेज को बनाया गया है। देर रात मतदान दलों ने मतपेटी को स्ट्रांग रुम में जमा किया है। मतपेटी में डाले गए मतपत्र की गिनती 24 की होगी। ऐसे में निर्वाचन शाखा द्वारा करीब 200 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसी प्रकार बोड़ला, पिपरिया, पांडातराई, पंडरिया, सहसपुर लोहारा में भी मतगणना स्थल बनाया गया है। यहां भी 24 दिसंबर को मतगणना होगा।

जिले के सभी नगरीय निकाय में मतदान का प्रतिशत

नगर पालिका कवर्धा
कुल वार्ड - 27
मतदान केन्द्र - 49
वोटिंग प्रतिशत
पुरुष - 68.43
महिला - 70.81
कुल - 69.63

नगर पंचायत पांडातराई
कुल वार्ड -15
मतदान केन्द्र -15
वोटिंग प्रतिशत
पुरुष -85.28
महिला -82.98
कुल -84.13

नगर पंचायत पंडरिया
कुल वार्ड -15
मतदान केन्द्र -15
वोटिंग प्रतिशत
पुरुष -81.07
महिला -80.81
कुल -80.94

नगर पंचायत पिपरिया
कुल मतदाता
पुरुष महिला कुल
1766 1842 3608
डाले गए वोट
पुरुष महिला कुल
1603 1642 3245
मतों का प्रतिशत
पुरुष महिला कुल
90.77 89.14 89.94

नगर पंचायत बोड़ला
कुल मतदाता
पुरुष महिला कुल
2176 2228 4404
डाले गए वोट
पुरुष महिला कुल
1725 1760 3485
मतों का प्रतिशत
पुरुष महिला कुल
79.27 78.99 79.13

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा
वोटिंग प्रतिशत
पुरुष -80.94
महिला -79.96
कुल -80.44

कलेक्टर ने सपरिवार किया मतदान

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज सुबह गरियाबंद नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 06 स्थित सांस्कृतिक भवन, सिविल लाइन में सपरिवार मतदान किया। कलेक्टर ने सुबह 8:45 बजे पत्नी अनामिका धावड़े एवं पुत्र प्रांजल धावड़े सहित मतदान किया। कलेक्टर ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार साफ्टवेयर से ऑनलाइन मतदाता पर्ची निकालकर मतदान किया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस बार आयोग द्वारा मतदाताओं को ऑनलाइन पर्ची की सुविधा दी गयी है। इस दौरान श्री धावड़े ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसका प्रयोग हर मतदाता को करना चाहिए। उन्होंने नगरीय निर्वाचन में लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की ।

कलेक्टर-एसपी सहित आला अफसरों ने भी किया मतदान

कवर्धा। कबीरधाम जिले के कवर्धा नगरीय निकाय में आज लोकतंत्र को मजबूत बनाने के संदेश के साथ कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के संग आज जिले के आला अफसरों ने एक साथ मतदान केंद्र पहुँच कर मतदान किया। कलेक्टर श्री शरण के साथ श्रीमती रुद्राणी सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, एसडीएम विपुल गुप्ता, डीएसपी अजीत ओगरे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने सुबह मतदान केंद्र (कन्या महाविद्यालय) पहुँच कर मतदान किया। कलेक्टर श्री शरण ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कबीरधाम जिले के छह नगरीय निकायों में निर्धारित समय सुबह 8 बजे से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में 124 मतदान केंद्र बनाए गए है। कवर्धा में 49 मतदान केंद्र बनाए गए है। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त किया गया है।

निकाय चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

तिल्दा-नेवरा। नगरीय निकाय चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ हालांकि तिल्दा-नेवरा नगर के कुछ वार्डो में कुछ देर के लिए माहौल गरमाया लेकिन पूलिस प्रशासन ने स्थिती को नियंत्रण में रखा ।वार्ड की मुखिया चुनने में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया मतदाता घंटों तक मतदान करने मतदान केन्द्र के लाईन में लगे रहे तिल्दा-नेवरा नगर में 22 वार्ड है जहां पर पुराने चेहरों के साथ साथ नया चेहरा भी उतारा गया है जिसके सहारे बड़ी राजनीतिक पार्टीयां नगर की कमान संभालने की जुगत में है वहीं निर्दलिय प्रत्याशी भी दमखम से इस चुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं फिर भी अधिकतर वार्डो में कांग्रेस व भाजपा के मध्य सीधी टकराकर देखी जा रही है ।

जिला में दिखा मतदान के बाद सेल्फी का क्रेज

नारायणपुर। नक्सल प्रभावित जिला की एक मात्र नगर पालिका परिषद के लिए आज हो रहे मतदान में महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह 8 बजे शुरू हुए मतदान में महिलाओं की सबसे ज्यादा लंबी लाईन देखने को मिली। वहीं पुरूष मतदाताओं का शुरूआती मतदान में कमी देखी गयी। जाड़े की धूप चढ़ने के साथ-साथ पुरूषों की लाईन भी लंबी होती गयी। महिला मतदाताओं ने मतदान के बाद सेल्फी जोन में अपने मोबाईल से सेल्फी खींची। नये मतदाता भी मतदान को लेकर काफी उत्साहित नजर आये। नये मतदाताओं ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मतपत्र और मतपेटी में ठप्पा लगाकर और उसे मोड़कर मतपेटी में डाला।

निकाय चुनाव शांतिपूर्वक ढंग संपन्न

खरोरा। नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से जारी है । सुबह से ही मतदान करने वालों की भीड़ लगी रही। जिसमें युवा ,बुजुर्गों एवं महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले बार मतदान करने वाले युवा में उमंग का उत्साह था। खरोरा में हुआ 84.36% मतदान पिछ्ली बार से कही ज्यादा । युवाओ में दिखा मतदान को लेकर उत्साह व बुर्जु ने भी बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा ।

पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं ने दिखाई मतदान में रूचि

■ भाटापारा में हुआ लगभग 67 प्रतिशत मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नगरपालिका के लिए हुए मतदान में इस बार महिलाओ ने बाजी मार ली। नगर के 31 वार्ड पार्षदों के लिए हुए मतदान में कुछ जगहों पर छिटपुट वाद विवाद की घटनाओ को छोड़ कर मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। नगर में लगभग 67 प्रतिशत मतदान की खबर है। नगर पालिका चुनाव में भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियो का भाग्य मतदाताओ ने मतपेटी में बंद कर दिया है। शनिवार को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ हुआ मतदान शाम 5 बजे संपन्न हो गया। 31 वार्डो के लिए बनाये गए मतदान केन्द्रो पर कुछ जगहों पर अच्छी शुरुवात देखने को मिली तो कुछ बुथो में दोपहर को भीड़ का नजारा देखने को मिला।शहर में वैसे तो शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया लेकिन शंकर वार्ड के मेन हिंदी स्कूल बूथ पर अच्छी खाशी झड़फ़ फर्जी मतदान को लेकर हो गई,,जहाँ पुलिस ने सुचना मिलते ही पहुँचकर मामला को दूर किया। इसी तरह इतवारी राम स्कूल मतदान केंद्र पर भी वादविवाद होने की खबर है तो वही पुत्री शाला कन्या स्कूल और कृषि उपज मण्डी में भी हलकी फुल्की शिकायत सुनाई दी।शहर में हुए कुल67 प्रतिशत मतदान में 65 प्रतिशत पुरुषो ने और 69 प्रतिशत महिलाओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही थर्ड जेंडर के द्वारा भी मतदान किये जाने की खबर है। आज हुए मतदान को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखा गया। बुजुर्ग, महिला, पुरुष, नए मतदाता गण भी इस चुनाव में अपना अपना मतदान किये।

80 वर्षीय कमला बाई सहित दो अन्य बुजुर्ग महिलाओं ने किया मतदान

नारायणपुर। नक्सल प्रभावित जिले की नगर पालिका परिषद नारायणपुर में आज 15 वार्डों के वार्ड पार्षदों के हो रहे मतदान में 80 वर्षीय श्रीमती कमला बाई सहित दो अन्य बुजुर्ग महिलाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

जिला प्रशासन द्वारा असहाय और दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर के इंतजाम किये गये थे। बंगलापारा वार्ड में इन तीन बुजुर्ग महिलाओं ने जिनकी उमर लगभग 75 से 80 वर्ष के बीच है। उन्हें महिला नगर सैनिक ने सहारा देकर मतदान केन्द्र तक पहुंचाया और मतदान केन्द्र से वापस भी लाया गया। श्रीमती कमला बाई ने लडखड़ाती जुबान से बताया कि वे पहले नगर पंचायत नारायणपुर की 3 बार पार्षद रह चुकी हैं। उनकी उम्र लगभग 75-80 के बीच है। अन्य दो बुजुर्ग महिलाओं ने भी बताया कि उनकी उम्र भी इसी के आसपास है। हर मतदान में वे तीनों महिलायें बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेती है।

नये वोटरों में दिखा वोट के प्रति अच्छा-खासा उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। पहली बार निर्वाचन में मतदान कर रहे नये मतदाताओं में खासकर युवाओं में वोट देने के प्रति अच्छा खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। सवेरे से ही मतदान केन्द्रों में नये मतदाता मतदान पहुंचे। उनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। ऐसे युवा जिन्होंने अभी हाल के माहों में 18 वर्ष पूरे किये उन्होंने नाम मतदाता सूची में जुड़वाया था, उन्होंने पहली बार मतदान किया। कई नये मतदाताओं ने प्रतिक्रिया में बताया कि उनकी कसक ईव्हीएम में वोट देने की अधूरी रही। लेकिन आगामी निर्वाचन में यह कसक भी पूरी होने की उम्मीद है।

नौनिहालों के साथ महिला मतदाता करने आयी मतदान

नारायणपुर। नगर पालिका निर्वाचन 2019 के लिए नारायणपुर की एकलौती नगर पालिका परिषद के लिए हो रहे निर्वाचन के लिए मतदाता मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कर रहे है। नगर पालिका के 15 वार्डों के 20 मतदान केन्द्रों में भी मतदाता उत्साह के साथ कतारबद्ध होकर मताधिकार का प्रयोग कर रहे है। वहीं महिला मतदाता अपने-अपने नौनिहालों के लेकर घरों से निकल कर मतदान केन्द्रों पर लाईन लगाकर अपनी बारी का इन्तजार करती नजर आ रही है।

मतदान केन्द्रों में लगी कतारें, दिखा उत्साह

■ मतदान में युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग और समाज के हर वर्ग में मतदान करने के प्रति उत्साह

नवप्रदेशर संवाददाता

महासमुंद। जिले की नगरीय निकायां में आज हुए मतदान के महापर्व में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, तृतीय लिंग, दिव्यांगजन और समाज के हर वर्ग के महिलाओं एवं पुरूषों में मतदान के प्रति खासा उत्साह दिखाई दिया। मतदान केन्द्रों में वोट देने के लिए लोगों की कतारें लगी रही। महासमुंद जिले के सभी नगरीय निकायों में सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील कुमार जैन ने आज महासमुंद के शहरी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। 21 दिसम्बर 2019 को जिले के सभी नगरीय निकायों में सवेरे 08:00 बजे मतदान प्रारंभ हुआ। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें लगी रही और बड़े उत्साह पूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों के पास सेल्फी जोन भी बनाए गए थे। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी, जिससे ऐसे मतदाताओं को मतदान करने में सुविधा हुई। नए मतदाताओं ने भी बड़े ही उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वोटर्स डे | **नगरीय निर्वाचन में मतदाताओं का छलका उत्साह**

109 की उम्र में भी दिखा मतदान का जज्बा

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 अंतर्गत जिले के चारों नगरीय निकायों के सभी 60 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान जारी है। प्रत्येक पांच साल में होने वाले लोकतंत्र के इस त्यौहार में आम मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर भागीदारी निभा रहे हैं। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था भी प्रत्येक मतदान केन्द्रों में की गई है। नगरीय निकायों के सभी वार्डो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं में गजब का उत्साह देखने मिला वहीं मतदान केन्द्र कुम्हारपारा में 109 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता दमयंती कुटारे व्हील चेयर में मतदान करने पहुंची। उन्होंने कहा कि मैं अपना अधिकार का उपयोग कर रही हूं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 02 में 80 वर्षीय कुमारी बाई ने भी मतदान किया। पुलिस के जवान द्वारा मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में तत्परता से मदद की गई। दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साह से मतदान में भाग लिया।

कलेक्टर श्याम धावड़े एवं पुलिस अधीक्षक एम आर. आहिरे ने नगर पालिका परिषद गरियाबंद के 12 मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों से अपील किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गरियाबंद के वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 कुम्हारपारा, वार्ड क्रमांक 13 शीतला मंदिर, वार्ड क्रमांक 9, 14 व 15 प्राथमिक बालक शाला एवं वार्ड क्रमांक 1 व 2 शासकीय बालक हाई स्कूल मतदान केन्द्र, सिविल लाईन स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी जे.आर. चौरसिया, तहसीलदार राकेश साहू मौजूद थे।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा गरियाबंद जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रमेश वर्मा ने फिंगेश्वर के शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को सुचारू ढंग से मतदान सम्पन्न कराने कहा।

6 निकायों के 105 पाषर्दों के लिए 396 प्रत्याशी आजमा रहे भाग्य

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। मूलभूत सुविधाओं और शहर विकास के लिए आज जिले की करीब 95 हजार से अधिक मतदाता 396 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। 24 दिसंबर को परिणाम की घोषणा हो जाएगी। इसके बाद जिले की तीन नगर पालिका और तीन नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए जद्दोजहद प्रारंभ होगा।

आज सुबह 8 बजे जिले की 143 मतदान केंद्रों में मतदान प्रारंभ हुआ, शहरी सरकार चुनने के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों में कतार देखी गई हालांकि दोपहर तक कतार की संख्या में कमी आई, दोपहर 12 बजे तक प्रतिशत मतदान हो चुका था। कतारों में महिलाओं की भीड़ अधिक देखी गई वहीं प्रशासन और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। मतदान केंद्रों पर राष्ट्रीय पार्टियों सहित क्षेत्रीय निर्दलीय दलों के बूथ पर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास देखा गया वहीं उम्मीदवार अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करते रहे।

नगर सत्ता के लिए महिलाओं की भूमिका निर्णायक

मतदान केंद्रों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भीड़ सुबह अधिक देखने को मिली यदि इनका वोट प्रतिशत अधिक रहा तो सरकार चुनने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिले की कुल 95100 मतदाताओं में पुरुष की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक है पुरुष मतदाताओं की संख्या 46194 तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 48894 है। यहां यह बताना जरूरी है कि नगर पालिका महासमुंद के 30 वार्डों में 29 वार्ड ऐसे हैं जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है केवल नगर पालिका महासमुंद की बात करें तो कुल 40191 मतदाताओं में से महिला मतदाताओं की संख्या 22883 है वहीं पुरुष मतदाताओं की संख्या 20801 है इस तरह 1782 महिलाएं अधिक है।

महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर लिया मतदान में हिस्सा

■ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ चुनाव

नवप्रदेश संवाददाता

नगरीय निकाय चुनाव में महिला मतदाताओं में दिखा ज़बरदस्त उत्साह

कांकेर। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर काँकेर भानुप्रतापपुर अंतागढ़ पखांजुर चारामा में सुबह से ही मतदान करने वालो की जबरदस्त भीड़ देखी गई ।काँकेर नगर पालिका के 21 वार्डो के लिए शनिवार की सुबह 8 बजे से ही मतदान के लिए अपने अपने घरों से निकलकर बड़ी संख्या में शहरवासियों में उत्साह पूर्वक मतदान किया गया । इसी तरह दोपहर 12 बजे तक काँकेर में कुल 38 प्रतिशत मतदान किया गया था । जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे घरो से बड़ी संख्या में लोग निकलकर मतदान करते दिखाई दिए ।कई जगह हालत इतने थे कि लोग शाम 5 बजे तक लंबी लंबी कतारें लगाकर मतदान करते दिखाई दिए गए। शाम 5 बजे तक काँकेर में 65 प्रतिशत चारामा में 78 प्रतिशत भानुप्रतापपुर 68,89 प्रतिशत अंतागढ़ 66.01 प्रतिशत पखांजुर 70.60 प्रतिशत मतदान का आँकड़े बताए जा रहे है। मतदाताओं का भाग्य कैद 24 को खुलेगा क़िस्मत का पिटारा-नगर पालिका परिषद काँकेर के 21वार्डों के अलावा नगर पंचायत चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।इस चुनाव में जहां मतदान को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला वही महिलाओं ने शाम तक कतार में खड़े रहकर मतदान करते नज़र आए ।शाम होने तक महिला मतदाताओं की भारी भीड़ देखने को मिली है। शनिवार को शांतिपूर्ण मतदान के साथ सारे प्रत्याशियों के भाग्य का फ़ैसला सुरक्षित हो गया है।अब 24 को मतगणना के दिन प्रत्याशियों का भाग्य का पिटारा खुलेगा ।

जिले में अब तक 47 हजार 349 बोरा धान जब्त

महासमुन्द। जिले में धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगरानी दलों की कार्यवाही में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 337 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसके अंतर्गत 47 हजार 349 बोरे धान 18 हजार 944 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परविहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्यवाही में आज चार प्रकरण दर्ज किए गए।

मौसम खुला और बढ़ने लगी ठंड लोग ले रहे अलाव का सहारा

नवप्रदेश संवाददाता

सेहत पर पड रहा असर

शीतलहर की वजह से ठंड सहन नही कर पाने वाले खासे परेषान होने लगे है। खासकर बच्चों व बुजुर्गो की तबियत बिगडने लगी है। अस्पतालों में मौसमी बीमारियों का इलाज कराने पहुंचने वाले मरीजो की संख्या में बढोत्तरी हुआ है। दुसरी ओर ऐसे मौसम में सेहत बनाने वाले सुबह व षाम की सैर करने से नही चुक रहे है। खेल के मैदानो मे बडी संख्या मे युवा पहुंचने लगे है।

कवर्धा। इन दिनों जोरदार ठंड पडने लगी है, हालात यह है कि दिन के समय भी लोग ठंड से बचने उपाय कर रहे है। चिल्फी घाटी में तो ओस की बूंदे बर्फ मे तब्दील होने लगी है। मैकल पर्वत श्रेणी से घिरा कवर्धा जिला षीतलहर की चपेट मे है, यहां न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क चुका है। मौसम के बदले हुए मिजाज का असर जनजीवन पर भी पडने लगा है। रात के समय ठंड व ठिठुरन बढने लगी है। षहर व गांव में अलाव जलाकर आग तापते लोग नजर आने लगे है। दिसंबर के माह में ठंड अधिक पडने से लोग गर्म कपडों में नजर आने लगे है। मौसम में बदलाव का प्रभाव आम आदमी के दिनचर्या में दिखने लगा है। सुबह के वक्त स्कुल जाने वाले बच्चो को काफी परेषानी महसूस होने लगी है।षनिवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री से ज्यादा नही बढा, न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। दिन ढलने के बाद बाजार में भी चहल पहल जल्दी खत्म हो रही है। बाहर निकलने के बजाय घरों में दुबकना लोग पंसद कर रहे है।षहर के आउटर में तो घना कोहरा छाने लगा है। आजकल चाय, काफी की दुकानों में काफी भीड लगी है।

पनेका में आज मनाया जाएगा गुरु घासीदास बाबा जयंती

दशरंगपुर। ग्राम पनेका में आज परम पूज्य गुरुघासी दास बाबा जी का 263 वी जयंती समारोह का आयोजन युवा समिति के द्वारा किया जा रहा है जिसमे पंथी नृत्य कार्यक्रम और रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पंचायत पनेका सरपंच, उपसरपंच,पंचगण के साथ गुरुघासीदास युवा समिति पनेका के अध्यक्ष किरण सतनामी, उपाध्यक्ष गुलशन मरखण्डे , लक्ष्मण दिवाकर सचिव मुख्य और सतनामी समाज के लोग मुख्य रूप से शामिल रहेंगे ।

एबीसी स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता

खरोरा। सारागांव के एबीसी स्कूल सारागांव में वार्षिक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश कुमार मैनेजर (आई डी बी आई बैंक ,अड़सेना),संदीप जी और विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के डायरेक्टर अनिता वर्मा और सीईओ विभीषण वर्मा उपस्थित रहे।कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में पूर्ण उत्साह से भाग लिया ।नर्सरी से आरुषी वर्मा,पीपी -1 से आराध्या वर्मा,पीपी-2 से कान्हा साहू , कक्षा -पहली से वेदान्त वर्मा, दूसरी से अलियासा लश्कर, तीसरी से कामना चंद्राकर, चौथी से अनुराग वर्मा,पाँचवी से मानसी पांडेय ,छटवी से गौरी शर्मा ,सातवी से सोहन धीवर और आठवीं से सोनल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम क्रमशः दिव्या यादव , नीरज सेन ,गगन साहू ,अरिफा लश्कर, शाहिना परवीन ,आयुष नायक , यशश्री, सुमन वर्मा ,खिलेश चंद्राकर ,रेशमी यादव ,मोनिका तुमरेठी आदि हैं।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सभी कक्षा के लिये ड्राइंग टॉपिक अलग -अलग विषयों पर था।कक्षा छठवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय समस्या जैसे जल-संग्रहण, पर्यावरण सुरक्षा और शिशु सुरक्षा जैसे ज्वलंत समस्या पर बच्चों ने अपना सार्थक संदेश ड्राइंग के माध्यम से दिया है। इस शुभ अवसर पर अतिथियों और विद्यालय प्राचार्य द्वारा - सभी विद्यार्थियों की रचनात्मक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उसकी कला - कौशल का सराहना करते हुए सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

निधन
ठगिया बाई जायसवाल

साजा। श्रीमति ठगिया बाई जायसवाल का आकस्मिक निधन आज शनिवार 21 दिसंबर को हुआ। जिनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर व समाज के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ नागरिक, सेवानृवित्त लखन लाल जायसवाल की धर्मपत्नी, रामेश्वर जायसवाल, सिन्हा समाज बेमेतरा जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल की माता और पत्रकार टुमेश जायसवाल (विक्की) की दादी थी। वे अपने अपने पीछे भरा पुला परिवार छोड़ गयी।

नेशनल सीनियर कुराश के लिए भाटपारा के सुमित लहरे और प्रकाश बंजारे चयनित

भाटापारा। नगर के 2 कुराश खिलाड़ी का चयन सीनियर नेशनल कुराश प्रतियोगिता 2019 पुणे के लिए हुआ है चयनित खिलाड़ियों में सुमित लहरे -50 कि.ग्रा , प्रकाश बंजारे -55 कि. ग्रा है, यह प्रतियोगिता भारतीय कुराश महासंघ द्वारा आयोजित हो रही है, इस अवसर पर जिला कुराश संघ सचिव गोपी देवांगन, सुकलाल यदु, वर्षा मिरी ,जितेंद नामदेव, राज वर्मा शिव ध्रुव, हिना दक्षिणी, अजय यादव, राजकुमार मल, शैलेन्द्र नामदेव आदि ने शुभकामनाये देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर-एसपी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े एवं पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. आहिरे द्वारा आज दोपहर जिला अस्पताल गरियाबंद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। श्री धावड़े ने अस्पताल परिसर में साफ सफाई का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद डॉक्टर एम.एस. ठाकुर को आवश्यक निर्देश दिये। अधिकारियों ने पुरूष जनरल वार्ड एवं शिशु वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर यहां होने वाले उपचार की जानकारी ली। ग्राम कोसमबुड़ा से आये मरीज लीलेश्वर ध्रुव ने कलेक्टर को बताया कि वे यहां तीन दिन से भर्ती है, उन्हें उल्टी और चक्कर आ रहा था, लेकिन अभी तबियत ठीक है। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में कुड़ेदान भी रखने के निर्देश दिये।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कस्बाई बादशाहत...

151 नगरीय निकाय में 66.42 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने प्रेसवार्ता लेकर बताया कि रात तक आंकड़ों में और बदलाव हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर नगर निगम के एक वार्ड में पुनर्मतदान की स्थिति निर्मित हो रही है। हालांकि कौन से वार्ड में पुनर्मतदान किया जाएगा इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी है. उन्होंने कहा कि देर रात तक इसकी सूचना दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कुल 151 नगरीय निकाय में 10 नगरपालिक निगम, 38 नगरपालिका परिषद् एवं 103 नगर पंचायत एवं उप निर्वाचन हेतु नगरपालिक निगम बिरगांव के 1 वार्ड क्रमांक 27 एवं नगरपालिक निगम भिलाई के 2 वार्ड क्रमांक 3 एवं 10 में भी मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि कुल 2843 (2840+3) वार्डों के लिए नामांकन लिए गए. जिसमें से 6 वार्डों में निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हुए। चंद मतदान केंद्रों को छोड़कर करीब 90 फीसदी पोलिंग बुथों से वोटिंग ग्राफ का स्टेटिक्स मिल चुका था। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए सुबह 8 बजे से जारी मतदान का समय शाम 5 बजे खत्म हुआ। हालांकि जिन मतदाताओं को पर्ची बांटी गई है और कतार में खड़े थे उन्हें मतदान करने दिया गया है। शाम 5 बजे तक औसत 65 प्रतिशत मतदान हुआ था। शहर, गली और मुहल्लों में कस्बाई बादशा चुनने के लिए युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। वोटिंग के दौरान जांजगीर में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। साथ ही लोरमी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच हाथापाई भी देखने को मिला।

पेंड्रा में फर्जी...

पिता पूनम चंद के स्थान पर बचरवार निवासी विकास साहू पिता भरत लाल साहू 20 वर्ष उनके स्थान पर वोट डालते पकड़ा गया. आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 17घ के तहत कार्रवाई कर पुलिस थाना पेंड्रा के लिए सुपुर्द किया गया है।

सीएम भूपेश कांग्रेस...

है। ये एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। कहाँ 250 करोड़ का बजट ढाई हजार करोड़ तक पहुँच गया। वहीं कांग्रेस के सत्ता में आते ही सारे निकायों में विकास के काम ठप्प हो गए। जो काम चल रहे थे उन्हें भी बंद कर दिया गया। रमन सिंह ने ईवीएम की बजाय मतपत्रों से चुनाव कराए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि ये अजीब बात है कि जिस ईवीएम से कांग्रेस ने चुनाव जीता उस ईवीएम पर उनका भरोसा नही।

5 ट्रिलियन इकोनॉमी...

तरीके अपनाने होंगे। खाद्यान्नों से एथेनॉल बनाने की अनुमति देने, फूड प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित करने, फूड पार्क की स्थापना, पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान तथा जीएसटी से राहत जैसे उपाय करने की बात भी कही। सीएम बघेल ने प्याज के दामों पर नियंत्रण के लिए उठाया ये बड़ा कदम ग्रामोद्योग, लघु वनोपजों के प्रसंस्करण, औषधि पौधों के प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग पर जोर देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए 5 ट्रिलियन इकोनॉमी तभी फायदेमंद है, जब हम हर एक इंसान की सभी बुनियादी जरूरतें पूरा कर सकें। बघेल ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार काफी काम कर रही है। इको टूरिस्म, राम वनगमन पथ की कार्ययोजना भी बनाई गयी है। बस्तर के साथ ही सरगुजा, कोरिया आदि क्षेत्रों में भी पर्यटन के क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी का देवर...

शकील पर वोटरों को नोट बांटने का आरोप लगाया। युवक के पास से 50 रुपये के 15 नकली नोट बरामद किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल कोतवाली थाना पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 6 की भाजपा प्रत्याशी राबिया मेमन के देवर शकील मेमन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 50-50 रुपये के 15 नोट बरामद हुआ है। शकील मेमन मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किये जाने के लिए 2000 रुपये का प्रलोभन दे रहा था। जानकारी के मुताबिक मतदान के बाद 50 रुपये का नोट लौटाने पर मतदाताओं को 2000 रुपये दिये जाते। कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा इसकी शिकायत पुलिस को की गई, जिसकी बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 50-50 के नकली नोट बरामद कर लिया है।

समर्थन में उतरे...

के सिद्धांतों को बनाए रखने और धर्म के आधार पर पीड़ित समुदायों को शरण देने के लिए सरकार की सराहना की है। अकादमिक जगत के लोगों और स्कॉलर्स ने कहा कि यह ऐक्ट पड़ोसी देशों में प्रताड़ित होने वाले अहमदिया, हजारा, बलोच या फिर अन्य किसी समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता हासिल करने से नहीं रोकता।

पीएम मोदी ने....

सरकार में वापसी के बाद श्री मोदी ने दूसरी बार इस स्तर पर मंत्रिपरिषद की व्यापक बैठक की है। इससे पहले उन्होंने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 13 जून को मंत्रिपरिषद की बैठक की थी। श्री मोदी ने सभी मंत्रियों से भविष्य की योजनाओं और वर्ष 2022 तथा 2024 के लिए विजन दस्तावेज तैयार करने को कहा था।

यूपी में अब तक...

कानून के खिलाफ हो रहे 10 दिसंबर से प्रदर्शन में 705 लोग गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 4500 लोगों को ऐहतियातन गिरफ्तारी के बाद रिहा कर दिया गया। वहीं, इन घटनाओं में 15 लोगों की मौत हुई है, 263 पुलिसकर्मी हिंसक प्रदर्शनों में घायल हुए हैं, जिनमें से 57 लोग आग से झुलसे हैं।'

रामपुर में भी प्रदर्शनकारियों का बवाल : उधर, उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में भी नागरिकता कानून को लेकर हिंसक प्रदर्शन की खबरें हैं। यहां पर भी प्रदर्शनकारियों की तरफसे पुलिस पर पथराव किया गया।

आगजनी, तोड़फोड़ पर ऐक्शन में योगी सरकार भेज रही वसूली के नोटिस : यूपी में नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हुए प्रदर्शनों के बाद सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफसूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। यूपी पुलिस ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर जुर्माना लगाकर, उन्हें वसूली नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर सम्पत्ति को कुर्क करने की बात हो रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 19 दिसंबर को हुई हिंसा के बाद पुलिस ने उपद्रवियों को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चिन्हित किया है और इसी के आधार पर उन पर कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

पुलिस चौकी फूंकी, उपद्रवियों पर लाठीचार्ज : नागरिकता कानून के विरोध में शुक्रवार को हुई हिंसा में दो लोगों की मौत के बाद शनिवार को सुबह से दोपहर तक शांति के बाद अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। यतीमखाना चौराहे पर जुटी हजारों की भीड़ अचानक उग्र हो गई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया तो जवाब में पुलिस ने लाठिचार्ज कर बवालियों को खदेड़ा। भीड़ ने बेकनगंज थाने की यतीमखाना पुलिस चौकी फूंक दी।

मलेशिया पीएम की...

के राजनयिक से कहा गया है कि उनके पीएम द्वारा की गई टिप्पणी में न सिर्फतथ्यों का अभाव है, बल्कि वह असंवेदनशील भी है। मलेशिया से द्विपक्षीय संबंधों का दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए कहा गया है।

भाजपा 3 करोड़ परिवार...

संबंध में जानकारी देने की है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर नागरिकता कानून को लेकर झूठ फैलाने और प्रदर्शन के लिए लोगों को उकसाने का आरोप लगाया था। बता दें कि भाजपा ने राजस्थान में इस कानून के समर्थन में रैली की थी, जिसमें कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी शिरकत की थी। इस दौरान कई नेताओं ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से इस कानून के समर्थन में सड़क पर उतरने की अपील की थी।

अमिताभ बच्चन को...

पुरस्कारों का चयन एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जूरी द्वारा किया जाता है, जिसमें प्रख्यात फिल्म निर्माता और फिल्मी हस्तियां शामिल होती हैं। इस संबंध में इस साल अगस्त में यहां एक प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित की गयी थी जिसमें सिनेमा क्षेत्र में योगदान के लिए विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा की गयी थी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए फीचर फिल्म श्रेणी के अध्यक्ष राहुल रवैल, गैर-फीचर फिल्म श्रेणी के अध्यक्ष ए एस कनाल और सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन के अध्यक्ष उत्पल बोरपुजारी की अध्यक्षता वाली जूरी ने गुजराती फिल्म 'हेलारो' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के पुरस्कार के लिए चुना था। 'बधाई हो' फिल्म को पूर्ण मनोरंजन के लिए सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार के लिए चुना गया था।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,
कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
इंद्रावती परियोजना मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal :http://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 59229 निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2019-20 दिनांक 19.12.2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **10.01.2020 17:30** बजे तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड कुआकोण्डा की तुरोली व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार कार्य एवं 0 मी. से 4740 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, चैनेज क्र. 30 मी., 70 मी., 130 मी., एवं 136 मी. पर नवीन व्ही.आर.बी. एवं चैनेज के 105 मी. एवं 135 मी. पर नवीन क्रास ड्रेनेज का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 150.67 लाख

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **27.12.2019** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-75885/4

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, दंतेवाड़ा
कृते अधीक्षण अभियंता
इंद्रावती परियोजना मंडल, जगदलपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in
नि.सू.क्र. 82/तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां. खंड/2019 दुर्ग, दिनांक 17.12.2019

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र एफ'' में लमसम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

समूह क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा खोलने की तिथि
01	राज्यमद अंतर्गत दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग के ग्राम चिखली में स्थित 110 कि.ली. क्षमता 12 मी. ऊंचाई के उच्चस्तरीय जलागार का संधारण कार्य कार्य समस्त सामग्रियों एवं अन्य सिविल कार्य सहित।	2.81	10.01.2020

टीप :- उपरोक्त कार्य हेतु छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की दर अनुसूची 2013 जो कि इस विभाग में दिनांक 07.02.2013 से प्रभावशील है इस निविदा के जारी होने के दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों अनुसार लागू होगी।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.01.2020 सायं 5.30 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 10.01.2020 को संध्या 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किए जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट (https://phed.cg.nic.in/eproject/nit) में दिनांक 04.01.2020 को सायं काल 5.30 बजे तक देखी जा सकती है।

जी-75903/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021



सलमान खान की फिल्म की बम्पर कमाई, 25 करोड़

सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा और सई मांजरेकर की फिल्म 'दबंग 3' ने पहले दिन बम्पर कमाई की है और शुरुआती आकलन पर यकीन करें तो यह 25 करोड़ के करीब है।

सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दे चुकी है और शुरुआत रिपोर्ट की मानें तो फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर यानी पहले ही दिन धमाकेदार शुरुआत की है। बताया जा रहा है कि फिल्म ने करीब-करीब 24 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली है सिर्फ एक दिन में।

bo&officeindia.com की रिपोर्ट की मानें तो शुरुआती आकलन यही बताते हैं कि फिल्म ने पहले दिन 22-24 करोड़ की कमाई की है और वह भी तब जब देशभर में संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में हिंसक प्रदर्शन चल रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो इस वजह से फिल्म को करीब 15-20त्न का नुकसान हुआ है। हालांकि, 4 बजे तक की कमाई का आकड़ा देखकर ऐसा लग रहा था कि फिल्म 25 करोड़ से ऊपर जाएगी, लेकिन 5 बजे के बाद फिल्म के कलेक्शन में कमी नजर आने लगी, क्योंकि कई जगहों पर थिअटर जल्दी बंद हुए। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का कलेक्शन वैसा नहीं बताया जा रहा, जैसी कि इससे उम्मीदें थी।

QUIZ TIME

1) ब्रिटिश हाउस ऑफकॉमन्स के चुनाव को लड़नेवाले प्रथम भारतीय कौन थे?
2) वाल्मीकि रामायण में हनुमान और अन्य वानर जब विंध्य पहाड़ियों में सीता की खोज कर रहे थे, तो किस तपस्विनी महिला ने उन्हें दानवराज मय की गुफा से बाहर निकलने में सहायता की? (स्वयंप्रभा / अनुप्रभा)
3) प्राचीन यूनानी किस भारतीय राजा को सैंड्रोकोटस कहकर पुकारते थे?
4) 1930 में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में कितने टीमों ने भाग लिया था? (क) 13 (ख) 16 (ग) 24
5) डॉ गोविंदप्पा वेंकटस्वामी ने किस संस्था का स्थापना किया था?



Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) दादा भाई नौरोजी (2) स्वयंप्रभा (3) चंद्रगुप्त मौर्य (4) 13 (5) अरविंद नेत्र अस्पताल

मुझे वो मिला जिसका मैंने कभी सपना देखा था : अनन्या पांडे

जहां इस साल की शुरुआत में अभिनेत्री अनन्या पांडे को चंकी पांडे की बेटी के रूप में जाना जाता था, वहीं साल खत्म होते-होते वह अपनी खुद की पहचान बना चुकी हैं। आने वाले दिनों में वह दीपिका पादुकोण और ईशान खट्टर जैसे सितारों के साथ नजर आएंगी। पेश हैं अनन्या से एक दिलचस्प बातचीत के कुछ रोचक अंश

21 साल की अनन्या पांडे को लगता है कि उनकी जिंदगी का सबसे बेहतरीन साल 2019 है। इस साल उन्होंने न सिर्फ बड़े बजट की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के साथ बॉलीवुड में कदम रखा, बल्कि उनकी दूसरी फिल्म 'पति पत्नी और वो' ने बॉक्स ऑफिस पर हिट का तमगा भी हासिल किया। उनके साथ बातचीत का सिलसिला कुछ यूं आगे बढ़ा-

बॉलीवुड में शानदार आगाज और एक हिट फिल्म... लगता है आपके लिए यह साल काफी अच्छा रहा?

बेशक। यह साल मेरे लिए वह सब कुछ लेकर आया, जिसका मैंने कभी सपना देखा था। इस साल मैंने जाना कि मैं एक्टर बन सकती हूं और हिंदी फिल्म उद्योग से जुड़ सकती हूं। साल 2019 हमेशा मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा साल रहेगा। हर दिन लगातार काम करते हुए मैं बेहद खुश हूं। अपने जन्मदिन पर मेरी छुट्टी पर जाने की योजना थी, पर मैंने इस दिन भी काम किया। सबने मुझसे कहा, 'हमें तुम्हारे लिए बहुत बुरा लग रहा है।' पर मैंने कहा, 'नहीं, मैं अपने जन्मदिन पर काम करके खुश हूं।'

अपनी अगली फिल्म 'खाली पीली' में आप ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाली हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा है?

जबरदस्त। मेरे उत्साह का ठिकाना नहीं है। यह फिल्म मेरी पिछली दो फिल्मों से एकदम अलग है। इस फिल्म में मेरा किरदार पूजा मेरे व्यक्तित्व से एकदम विपरीत है। मेरी अब तक की जिंदगी जैसी रही है, जिस तरह मेरी परवरिश हुई है - उससे एकदम अलग। मुझे लगता है कि बतौर एक्टर सबसे बड़ी चुनौती ऐसे अलग किरदार निभाना ही होती है।

इस मल्टी कलर ड्रेस में सुपर ग्लैमरस दिख रही हैं सारा अली खान

सारा अली खान की लेटेस्ट तस्वीर इंटरनेट की सुर्खियों में हैं, जिसमें वह मल्टी कलर के ड्रेस में काफी स्टनिंग दिख रही हैं। इससे पहले उन्होंने तैमूर के साथ एक तस्वीर शेयर की थी। सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान को बॉलिवुड में आए अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ, लेकिन वह ऑडियंस की नब्ज समझ चुकी हैं और दर्शकों के दिलों पर खुलकर राज कर रही हैं।

केवल ऑनस्क्रीन परफॉर्मेंस के बल पर ही नहीं बल्कि अपने स्टाइल और पने व्यवहार की वजह से भी वह सबकी चहेती हो चुकी हैं। फैशन के मामले में सारा पुराने दिग्गज सिलेब्रिटीज़ को भी मात देती हैं। सारा सोशल मीडिया पर भी खूब ऐक्टिव हैं और उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह मल्टी कलर ड्रेस में नजर आ रही हैं।

रणबीर कपूर के साथ रोमांस करेंगी श्रद्धा कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर रणबीर कपूर के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। पिछले काफी समय से चर्चा है कि 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी सुपरहिट फिल्में बना चुके निर्देशक लव रंजन अब रणबीर के साथ अपनी अगली फिल्म बनाएंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए रणबीर के ऑपोजिट श्रद्धा को साइन किया गया है। बताया जा रहा है कि लव रंजन की यह फिल्म 26 मार्च 2021 को रिलीज होगी। हालांकि अभी तक इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं हुआ है। इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग प्रोड्यूस करेंगे। श्रद्धा कपूर से पहले इस फिल्म से दीपिका पादुकोण का नाम जोड़ा जा रहा था। कई बार इन सभी को एक साथ मीटिंग करते भी देखा गया लेकिन ऐसा लगता है बात नहीं बनी और लव रंजन ने अपनी आगामी फिल्म के लिए श्रद्धा को साइन कर लिया।

इन पांच पॉइंट्स में समझें पीपीएफ के नियमों में हुआ बदलाव

नई दिल्ली। पब्लिक प्रविडेंट फंड (PPF) के खाताधारकों को फायदे और सहूलियत देने के लिए केंद्र सरकार ने हाल में इसके नए नियमों को अधिसूचित किया है। पीपीएफ निवेश का एक बेहद लोकप्रिय साधन है, जो बेहतर रिटर्न की गारंटी देता है। पीपीएफ अकाउंट के मैच्योर होने की अवधि 15 साल की होती है और सरकार हर तिमाही इसपर मिलने वाले ब्याज दर में बदलाव करती रहती है। मौजूदा तिमाही के लिए पीपीएफ पर सालाना 7.9% की ब्याज दर मिल रही है। पीपीएफके नए नियमों को हम 5 पॉइंट में समझने जा रहे हैं।

साल में कितनी भी बार कर सकते हैं डिपॉजिट

पीपीएफमें डिपॉजिट के नए नियमों के मुताबिक, खाताधारक एक वित्त वर्ष में 50 रुपये के गुणक में चाहे कितनी भी बार रकम जमा कर सकता है, हालांकि कुल मिलाकर यह 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इससे पहले खाताधारक एक वित्त वर्ष में केवल 12 डिपॉजिट ही कर सकता था।

प्री मैच्योर खाता बंद करने के लिए एक और शर्त

खाता खोलने के 5 साल बाद किसी खास परिस्थितियों में ही सरकार खाते को बंद करने की

अनुमति देती है। इन परिस्थितयों में पहला खाताधारक, उसके जीवनसाथी या डिपेंडेंट चिल्ड्रन या पैरंट को हुई किसी जानलेवा बीमारी के इलाज के लिए खाते को प्री-मैच्योर बंद करने की अनुमति मिलती है। इसके अलावा, अगर खाताधारक या उसके डिपेंडेंट चिल्ड्रन हायर स्टडी करना चाहते हैं तो इसके लिए भी खाते को मैच्योरिटी से पहले बंद किया जा सकता है।

पीपीएफलोन पर ब्याज दर 1% घटी

पीपीएफखाताधारक खाते पर लोन भी ले सकता है। नए नियमों के तहत, लोन की रकम पर लगने वाली ब्याज दर अब उसे खाते पर मिलने वाली ब्याज दर से 1त्न अधिक होगी, जबकि पहले यह 2त्न थी। अगर खाताधारक की मौत हो जाती है तो लोन पर लगने वाले ब्याज का भुगतान उसके नॉमिनी या कानूनी वारिस को करना होगा।

25 हजार से ज्यादा के चेक होंगे जमा

इसके अलावा, डाक विभाग ने पीपीएफअकाउंट में अब किसी भी नॉन-होम पोस्ट ऑफिस ब्रांच के जरिये कितनी भी रकम के पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक (POSB) अकाउंट चेक जमा करने की अनुमति दे दी है।

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े बाजार भारत में इंटरनेट पर पाबंदियों से कितना नुकसान

नई दिल्ली। पिछले दो हफ्तों से और खासकर बीते कुछ दिनों से देश के विभिन्न इलाकों में इंटरनेट पर पाबंदी लगी है। कश्मीर में तो 4 अगस्त को ही इंटरनेट सर्विस बंद हुई थी। देश ही नहीं दुनियाभर की सरकारें विभिन्न मुद्दों पर बेकाबू प्रदर्शनों के कारण या हिंसा की आशंका में इंटरनेट, फोन सर्विस बंद कर देती हैं ताकि अफवाहों पर रोक लगाई जा सके। लेकिन, इसका चौतरफा खामियाजा भुगतना पड़ता है। टेलिकॉम कंपनियों को आर्थिक नुकसान तो होता ही है, रोजमर्रा के काम भी प्रभावित होते हैं।

किन कानूनों के तहत बंद होते हैं इंटरनेट

सरकारें इंटरनेट सर्विस पर रोक लगाने के लिए अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग कानून का सहारा लेती हैं। इन कानूनो में सीआरपीसी, 1973, इंडियन टेलिग्राफऐक्ट, 1985 और टेंपररी सस्पेंशन ऑफ टेलिकॉम सर्विसेज (पब्लिक इमर्जेंसी ऑर पब्लिक सेफ्टी) रूल्स, 2017 शामिल हैं।

सबसे लंबी पाबंदियां

देश में इंटरनेट सर्विस पर अब तक की सबसे लंबी पाबंदी जम्मू-कश्मीर में लगी है। सरकार ने बीते 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के लिए संविधान के आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी करने का विधेयक संसद से पास करवाया था। चूंकि इस संवेदनशील मामले पर भीषण उपद्रव की आशंका थी, इसलिए वहां 4 अगस्त से ही इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई। जम्मू-कश्मीर में ही 2016 में दूसरी सबसे बड़ी पाबंदी लगाई गई थी।

आरएलआई, ब्रिटिश गैस को कोर्ट का झटका

- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा ब्रिटिश गैस को अपनी संपत्तियों का ब्योरा देने का निर्देश
- केंद्र द्वारा रिलायंस द्वारा अरामको को हिस्सेदारी बेचने पर रोक लगाने की मांग
- सरकार ने कहा है कि दोनों कंपनियां 4.5 अरब डॉलर का आर्बिट्रल अवॉर्ड का भुगतान करने में नाकाम

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) तथा ब्रिटिश गैस को उनकी संपत्तियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने कोर्ट में याचिका दायर कर रिलायंस द्वारा दिग्गज तेल कंपनी सऊदी अरामको को अपनी 20त्न हिस्सेदारी बेचने सहित अन्य संपत्तियों की बिक्री रोकने की मांग की है, जिसके बाद हाई कोर्ट का यह निर्देश सामने आया है।

अरामको डील पर रोक की मांगकेंद्र सरकार ने सितंबर में

दायर अपनी याचिका में रिलायंस द्वारा अरामको को हिस्सेदारी बेचने पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा था कि दोनों कंपनियां पन्ना-मुक्ता तथा ताप्ती (PMT) उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत 4.5 अरब डॉलर का आर्बिट्रल अवॉर्ड का भुगतान करने में नाकाम रही हैं। साल 1994 में हुआ पीएमटी कॉन्ट्रैक्ट शनिवार को समाप्त हो गया। मामले में तर्क देते हुए सरकार ने कोर्ट से मांग की कि वह RIL और ब्रिटिश गैस को 4.5 अरब डॉलर का आर्बिट्रेशन अवॉर्ड का भुगतान करने का निर्देश दे।

छह फरवरी को अगली सुनवाई

आरआईएल के निदेशक को कंपनी की संपत्तियों का ब्योरा देने के लिए एक हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए उच्च न्यायालय की एक वाणिज्यिक पीठ ने कहा कि वह मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को करेगी। टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा किए गए सवालों का आरआईएल ने शुक्रवार रात तक कोई जवाब नहीं दिया। टीओआई ने इसके लिए कंपनी को कॉल किया और टेक्स्ट मेसेज भेजे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

2.88 लाख करोड़ रुपये का कर्ज

केंद्र सरकार ने आरआईएल द्वारा सऊदी अरामको को 20 फीसदी हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री सहित कई समाचारपत्रों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से कहा, 'आरआईएल पर 2.88 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम कर्ज है। कंपनी अपने कर्जों को खत्म करने के लिए अपनी चल-अचल संपत्तियों की बिक्री कर रही है।' सरकार ने कहा कि भविष्य में भी अपनी संपत्तियों की बिक्री कर सकती है और तब तक आर्बिट्रल अवॉर्ड के भुगतान के लिए कंपनी के पास कुछ नहीं बचेगा। केंद्र ने कहा कि उसे आरआईएल के बिजनस प्लान की कोई जानकारी नहीं है और न ही उसपर उसका कोई नियंत्रण है।

भारत बॉन्ड ईटीएफ को मिलीं 1.7 गुना बोलियां, 12,000 करोड़ रुपये जुटाए

- सार्वजनिक कंपनियों के पूंजी व्यय में इस राशि का उपयोग होगा

नई दिल्ली। भारत बॉन्ड ईटीएफ 1.7 गुना बोलियों के साथ शुक्रवार को बंद हुआ। बॉन्ड के जरिए 12,000 करोड़ रुपये जुटाए गए। सार्वजनिक कंपनियों के पूंजी व्यय में इस राशि का उपयोग होगा। इस ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) का आकार 7,000 करोड़ रुपये था। दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडे ने ट्विटर पर लिखा है, 'भारत के पहले कॉर्पोरेट बॉन्ड ईटीएफभारत बॉन्ड को विभिन्न खंड के निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस निर्गम को करीब 1.7 गुना अभिदान मिला। इससे करीब 12,000 करोड़ रुपये जुटाए गए।'

भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में नॉन रेजिडेंट इंडियन (NRI) काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दरअसल दूसरे कई डेट प्रॉडक्ट्स में निवेश पर पाबंदियों के चलते उनके पास फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) को छोड़ दूसरे विकल्प बहुत कम रह गए हैं।

इस स्कीम में दो विकल्प हैं। एक ऑप्शन की परिपक्वता अवधि(मैच्योरिटी पीरियड) 3 साल और दूसरे की 10 साल। यानी एक 2023 में मैच्योर होगा और दूसरा 2030 में। इसमें सिर्फ ग्रोथ ऑप्शन मिलेगा, डिविडेंड ऑप्शन नहीं मिलेगा।

विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डालर से अधिक बढ़कर 454 अरब डालर के पार

नयी (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा का सुरक्षित भंडार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.07 अरब डालर और बढ़कर 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 454.492 अरब डालर के नये शिखर पर पहुंच गया ।

रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई । छह दिसंबर को विदेशी मुद्रा भंडार 453.42 अरब डालर के बराबर था ।

मारुति की अर्टिगा पांच लाख बिक्री क्लब में शामिल

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश की यात्री कार वर्ग की अग्रणी कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड की अर्टिगा पांच लाख बिक्री वाले क्लब में शामिल हो गई है ।

कंपनी की तरफ से शुक्रवार को बताया गया कि आठ साल में अर्टिगा ने यह मुकाम हासिल किया। पहली जनरेशन की अर्टिगा की सात साल में बिक्री चार लाख 18 हजार 128 यूनिट्स रही थी जबकि दूसरी जनरेशन की अर्टिगा ने एमपीवी यात्री वाहन के क्षेत्र में अपनी धाक जमाई और मात्र 13 माह में एक लाख यूनिट्स बिकीं।

मारुति के विपणन एवं बिक्री विभाग के कार्यकारी निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि अर्टिगा के जिरये कंपनी एमपीवी सेगमेंट में 25.3 प्रतिशत के शेयर को बढ़ाकर 50.3 प्रतिशत करने में सफल रही । उन्होंने कहा स्टाइलिश एक्सटीरियर और अधिक स्थान वाले इंटीरियर से अर्टिगा अपने ग्राहकों को खूब पसन्द आई।

श्री श्रीवास्तव ने कहा,÷ अर्टिगा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बेहतरीन थ्री रो आरामदायक एमपीवी का दर्जा हासिल किया और अपनी खास जगह बनाई । इसके परिणामस्वरुप एमपीवी वर्ग में अर्टिगा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। एमपीवी वर्ग में यह कार 36 प्रतिशत बाजार शेयर के साथ अग्रणी है और ग्राहकों से मिल रहे समर्थन से उम्मीद है कि आगे भी यह अपना यह स्थान बनाये रखेगी।÷

राजहरा समूह की खदानों में उत्पादन परिवहन सहित सभी कार्यालीन कार्य रहेंगे ठप

■ स्थानीय ट्रेड यूनियनो ने बैठकर कर 8 जनवरी को बंद का लिया निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। केंद्र सरकार की कथित जन विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा घोषित 8 जनवरी के राष्ट्र व्यापी हड़ताल को समर्थन देते हुए स्थानीय ट्रेड यूनियन ने भी बंद की घोषणा किया है। इस निर्णय के तहत राजहरा समूह की सभी खदानों में लौह अयस्क उत्पादन परिवहन कार्यालीन सभी ठप रहेंगे। केवल बिजली, पानी व आपात सेवाओं को इससे मुक्त रखा गया है। ट्रेड यूनियनों ने अपनी हड़ताल को प्रभावी बनाने चरणबद्ध हड़ताल की रणनीति बनाया है।

हड़ताल को सफल बनाने के लिए एटक सीटू इंटक के लोगों ने

एक बैठक लेकर उत्काशन का निर्णय लिया तथा तिथिवार कार्यक्रमों की घोषणा किया।19 दिसंबर को आयोजित इस बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 23 दिसंबर को प्रबंधन को हड़ताल की नोटिस दिया जाएगा। 25 दिसंबर को खदान के विभिन्न विभागों में दौरा, 6 जनवरी 2020 को जैन भवन चौक में आमसभा व 8 जनवरी को आईओसी राजहरा के सभी खदानों में हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। सीटू अध्यक्ष प्रकाश सिंह क्षत्री ने कहा, देश की गिरती जीडीपी, बढ़ती बेरोजगारी, उद्योग धंधे लगातार बंद होने के कारण देश में बेरोजगारी दर 8.5त्न हो गई है। पब्लिक सेक्टर के उद्यामो को कौड़ी के मोल बेचा जा रहा हैं।

हड़ताल में प्रमुख मांगे, वेतन समझौता व पेंशन योजना तत्काल लागू किया जाए, सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश बिक्री पर रोक लगाई जाए, सभी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा के तहत न्यूनतम वेतन 21000 दिया जाए, समान काम के लिए समान वेतन दिया जाय, न्यूनतम पेंशन 6000 रुपए प्रतिमाह किया जाए, महगांई पर रोक लगाई जाए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौम किया जाय, ठेकाकरण पर रोक लगाकर स्थायी भर्ती प्रारंभ किया जाय, ई एस आई भविष्य निधि , बोनस, ग्रेच्युटी की सीमा हटाई जाए, आई एल ओ कन्वेंशन के अनुसार ट्रेड यूनियनों के गठन के मार्ग को सुनिश्चित किया जाए, कर्मियों को गुलाम बनाने वाली श्रम कानून संशोधनों पर रोक लगाई जाए, बैंक, बीमा, प्रतिरक्षा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाए। हड़ताल की रणनीति तय करने आयोजित बैठक में एटक सचिव राजेंद्र बेहरा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल यादव व गौतम बेरा, सीटू सचिव पुरुषोत्तम सिमैया, अध्यक्ष प्रकाश क्षत्री, सुजीत मुखर्जी, पी के चपके , विनोद मिश्रा, इंटक से मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष अभय सिंह, सचिव तेजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे।

9 भाजपा, 9 कांग्रेस, 2 सीटों पर कांटे की टक्कर

नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, किसका होगा अध्यक्ष, संस्पेंस बरकरार

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज मतदान पूर्ण होने के बाद दोनों ही दलों ने अपनी-अपनी जीत का दावा पेश किया है. वहीं मतदाताओं ने भी खुलकर मतदान किया है, मतदाताओं में काफी उत्साह का वातावरण देखने को मिला, और कई वार्डो में डाले गए फर्जी वोट, शाम पांच बजे तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार देखने को मिली, तो कई बूथ ऐसे थे जहां सन्नाटा पसरा दिखा,और कुछ बूथ में तो बहोत विवाद होता हुआ भी नजर आया, जहाँ प्रत्यासी एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए भी नजर आये,

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच जहां कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है. वहीं निर्दलीय और बागी प्रत्याशियों ने भी दोनों ही दलों का समीकरण पूरी तरह से बिगाड़ते नजर आए है. कुछ वार्ड में बागी और निर्दलीय प्रत्याशियों का जोर भी देखने को मिला है. मिले रूझानों के अनुसार बालोद नगर पालिका की 20 सीटों में से भाजपा के खातें में 9 सीट जाती नजर आ रही है, तो वहीं कांग्रेस की झोली में 9 सीटे मिलने की संभावना है. बची 2 सीटों में निर्दलीय प्रत्याशी हाथ मारते दिखाई दे रहे है, वहीं कुछ सीटों पर भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है. प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला तो 24 दिसंबर को ही होगा. मतगणना के बाद साफहो जाएगा कि नगरीय निकाय चुनाव में किसकी सत्ता रहेगी और कौन विपक्ष में बैठेगा।

मतदान के प्रति समाज के सभी वर्गों में रहा भारी उत्साह

■ कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया

बालोद। नगर पालिका निर्वाचन 2019 के तहत आज जिले के नगरीय निकायों में हुए मतदान में समाज के सभी वर्गों के मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिलाओं, युवाओं और वयोवृद्ध नागरिकों व दिव्यांगजनों में मतदान के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रानू साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला जुर्रीपारा बालोद में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक -19 में पहुँचकर मतदान किया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा व शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीपारा और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पाररास में स्थापित मतदान केन्द्र पहुँचकर शांतिपूर्ण मतदान का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री ए.के.वाजपेयी, तहसीलदार श्रीमती रश्मि वर्मा मौजूद थे।

चिटौद प्राथमिक विद्यालय में यौगिक जॉगिक अभ्यास में पहली के भावेश बने लीडर

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। योगासन हमारे मस्तिष्क मे रक्त प्रवाह की वृद्धि करते हैं। फलस्वरूप आप बढ़ी हुई सजगता और सतर्कता पाते है। मन काम से भटकता नही है और आप उस काम को अच्छे से करते हैं। प्रतिदिन योग का अभ्यास और निरसता आप से दूर रहेगी । शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने उक्त संदेश के साथ आज शनिवार की सुबह शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में लगभग 196 विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया ।

स्वतंत्र अभिव्यक्ति को मिल रहा सतत अवसर व प्रोत्साहनः अभिव्यक्ति के अवसर और प्रोत्साहन के वातावरण में बच्चों अथवा बड़ों में निहित आंतरिक प्रतिभाओं को उचित दिशा मिलती है । इसी निरन्तर सकारात्मक पोषण से बच्चों के भविष्य को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय चिटौद में सतत गतिविधियाँ संचालित की जा रही है । आज शानिवारिय बालसभा के अंतर्गत योगाभ्यास में कक्षा चौथी की भूमिका, डेमिन, वेदप्रकाश व जागेश्वर के साथ कक्षा पहली के नन्हें बालक भावेश ने भी नेतृत्व किया । उन्होंने यौगिक-जॉगीक के 6 क्रियाओं के साथ - साथ अंतिम में सिंहासन का प्रदर्शन विद्यालय के पूरे विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच निर्भीक होकर किया ।

भूमिका ने किया गुरु वंदना व अन्य श्लोकों का उच्चारणः योगाभ्यास के प्रारंभ में चौथी की छात्रा भूमिका सेन ने संस्कृत में गुरू वंदना, सरस्वती वंदना, प्रार्थना वह शक्ति हमें दो दयानिधे को सस्वर प्रस्तुत की ।

शिक्षक सिन्हा के साथ 5वीं की तनुजा ने सस्वर गाया शिवोह्यहमः अमर आत्मा है मरणशील काया, सभी प्राणियों के जो भीतर समाया, वही आत्मा सच्चिदानंद मैं हूँ, सार्वभौमिक भाव से परिपूर्ण इस प्रेरणा गीत का सस्वर गायन शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने सभी बच्चों के साथ सामुहिक रूप से कराया । गायन प्रतिभा के प्रोत्साहन में कक्षा 5 वीं की छात्रा तनुजा के मधुर स्वर ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी ।

तीसरी के सामुएल ने रामचरित मानस के बालकांड के प्रथम श्लोक का कराया अभ्यासः संस्कृत भाषा हमारे वैदिक, भारतीय पुरातन ग्रंथों की महत्वपूर्ण कड़ी है । इसे सतत प्राथमिक स्तर पर ही विद्यार्थियों में संस्कारित करने की कड़ी भी अभ्यास के रूप में चल रही है । आज इसकी अगली कड़ी में कक्षा तीसरी के सामुएल ने अपने मेधाशक्ति का बेहतर परिचय दिखाते हुए श्री राम चरित मानस के प्रथम सोपान बालकांड के पहले श्लोक- 'वर्णानामार्थ संघानां रसानां छंदसामपि....' का उच्चारण अभ्यास सभी विद्यार्थियों को एक शिक्षक की भांति कराया । स्वयं होकर इस प्रथम श्लोक के साथ - साथ दूसरे श्लोक 'भवानीशंकरौ वन्दे श्रध्दाविश्वासरुपिणौ.....' का मुखाग्र वाचन भी किया ।

मतदान के बाद सेल्फी लेने में लगी होड़

डोंडी लोहारा। तन्वी लोढा उम्र 9 वर्ष पिता प्रतीक लोढा वार्ड 3 ने भी मतदान बूथ में पहुचकर लोगो को मतदान करने प्रेरित किया व बूथ में बने वोटर सेल्फी जोन में सेल्फी भी लिया एक छोटी सी गुड़िया के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने के इस कार्य ने सभी लोगो का ध्यान अपनी और खिंचा व सभी ने बच्ची के द्वारा किये गए कार्य की सराहना की व उसके साथ सेल्फी भी लिया बूथस्थल पर मतदान दल,व उपस्थित अधिकारियों ने भी छोटी सी बच्ची के इस प्रयाश की प्रशंसा की।

डौण्डी नगर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

डौण्डी। डौण्डी नगर पंचायत निकायों में शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। हालांकि कुछ स्थानों पर कहासुनी की घटनाएं जरूर सामने आई। लेकिन कोई बड़ी घटना नहीं हुई। नगर में हुए चुनाव में सभी वार्डो में अप्रत्यक्ष प्रणाली से हो रहे नगरीय निकाय चुनाव डौंडी में कुल 15 वार्ड में से 14 वार्डो के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए निर्धारित समय शाम पांच बजे तक 83.74 प्रतिशत वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है । बता दे कि डौंडी नगर के वर्तमान 14 वार्ड में 5485 मतदाताओं में से कुल 4593 वोटरों ने मतदान किया । जिसमे 83.04 पुरुष एवं 84.39 महिला शामिल है। इसी के साथ इन 14 वार्डो के प्रमुख दल व निर्दलीय मिलाकर पार्षद चुनाव लड़ रहे कुल 44 उम्मीदवारों की भाग्य का फैसला बैलेट पेपर में बंद हो गया है। अब 24 दिसंबर को होने वाली गणना पश्चात पार्षद पद के विजयी प्रत्याशियों का परिणाम सामने आ जायेगा।21 दिसंबर को निकाय के चुनावी मतदान संपन्न होने बाद कांग्रेस-बीजेपी समर्पित एवं सभी निर्दलीय प्रत्यासी अपनी अपनी जीत पक्का मान कर चल रहे है। जहां स्थानीय कांग्रेस पार्टी 8

वार्डो में तथा प्लस से जीत दर्ज का पूर्वानुमान लगा रहे। तो वही स्थानीय बीजेपी मंडल भी 7 वार्डो के साथ ही प्लस में जीतने की बातें कह रहे है। निर्दलीय उम्मीदवार भी जीत का दावा कर रहे हैगौरतलब है कि इस बार बुलेट की जगह बैलेट पेपर पर चुनाव होने से पारदर्शी मतदान के प्रति सभी की निगाहें जीतने वाले प्रत्याशियों पर टिकी रहेगी।जिसके लिए मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग कर दिया है। वही डौंडी निकाय चुनाव के निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे, पुलिस प्रशासन व अन्य आला अधिकारियों की टीम द्वारा सतत गस्त और मॉनिटरिंग से प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने अपने कर्तव्यों का भलीभांति पालन किया गया। समस्त बूथों की मत पेटी स्ट्रांग रूम में जमाकर शील किया जा रहा है। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था फोर्स जवानों के हाथों में रहेगी।नगरीय निकाय चुनाव आज यानी 21 दिसंबर को संपन्न हुआ. 24 दिसंबर को चुनाव के नतीजे सामने आएंगे. इस बीच कांग्रेस नेता पीयूष सोनी ने पार्टी की जीत का दावा किया है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विफलताओं की वजह से मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया है.

भाजपा के नेता मनीष झा ने कहा, डौण्डी के नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत रही है. इस चुनाव में कांग्रेस . हार रही है। पहले हमने लोकसभा चुनाव जीता और अब हम डौण्डी नगर पंचायत चुनाव जीतने जा रहे हैं।

प्याज के बाद अब बढ रहे आलू के भी दाम

कवर्धा। जहां इन दिनो प्याज की कीमतें आसमान पर है वहीं आलू की कीमतों में अचानक तेजी आ जाने से अब आलू भी लोगों से दुर होती जा रही है, टमाटर को छोड दिया जाए तो अन्य हरी सब्जियां भी 30 से 40 रूपयें किलो बिक रही है।

कवर्धा जिले में आलू की आवक उत्तर प्रदेष तथा बंगाल से होती है। लेकिन आलू का स्टोरेज कम होने के कारण आलू की आवक में कमी आ गई है। यहां तक कि आलू का उत्पादन भी कम बताया जा रहा है। दिसंबर महीने में भी नई आलू की आवक अभी तक सही तरीके से षुरू नही हुआ है। ऐसे में आलू की कीमतों में काफी तेजी आ गई है। फूटकर बाजार में आलू 30 रूपये किलो बिक रहा है तो वहीं प्याज भी 80 से 100 रूपये किलो में बिक रही है। खासबात तो यह है कि कवर्धा जिले में आलू और प्याज की खपत 10 टन से अधिक बताई जा रही है। प्याज तथा आलू की कीमतों में अचानक वृद्वि हो जाने से आलू और प्याज की खपत में कमी भी बताई जा रही है। आलू, प्याज के बजाय लोग हरी सब्जियां ही खरीदने में रूचि दिखा रहे है। मंडी के थोक विक्रेता ने बताया कि वर्तमान में आलू की आवक काफी कम है। उत्तरप्रदेष तथा बंगाल से मांग के अनुसार आलू की आवक नही होने से आलू की कीमतों में तेजी आयी है। हरी सब्जियां की कीमतों में काफी हद तक स्थिरता बनी हुई है।

टमाटर 15 रूपय किलो में बिक रही है, गोभी, लौकी, भटा, नवलगोल, भिंडी, करेला सहित अन्य सब्जियों की कीमते 30 से 40 रूपय किलों है। धनिया की आवक अधिक होने से थोक मे 30 रूपय किलो बिक रही है। मिर्च की कीमतें भी 25 से 30 रूपये किलो में बिक रही है।

बिलाईगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

बिलाईगढ़। अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ में आज नगर पंचायत निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ।

प्राप्त समाचार के अनुसार अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ मैं नगर पंचायत निर्वाचन आज 21 दिसंबर को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ नगर के कुल 15 वार्ड के लिए प्रत्येक वार्ड में मतदान केंद्र बनाया गया था सभी मतदान केंद्र में पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था के अलावा पुलिस पेट्रोलिंग का कार्य लगातार जारी रहा ।नगर पंचायत मतदान में सुबह के समय कई वार्ड में महिलाओं की काफी भीड़ और लंबी कतारें देखने को मिला।

नगर के अधिकांश वार्ड में कहीं 80% ,90% तो कहीं 93% तक मतदान हुआ। वार्ड क्रमांक 01 में 77%, वार्ड क्रमांक 2 में 90.55% ,वार्ड क्रमांक 3 में 86.36% ,वार्ड क्रमांक 4 में 85% ,वार्ड क्रमांक 5 में 72.71% ,वार्ड क्रमांक 06 में 80.71% ,वार्ड क्रमांक 7 में 82.14% ,वार्ड 08 में 66%, वार्ड क्रमांक 9 में 80.9% ,वार्ड क्रमांक 10 में 81.8% ,वार्ड क्रमांक 11 में 84.91%, वार्ड 12 में 93.93% ,वार्ड 13 में 89%, वार्ड क्रमांक 14 में 85%, एवं वार्ड क्रमांक 15 में 79.56% मतदान हुआ । मतदान के दरमियान आज जिला पंचायत सीईओ आशुतोष पांडे पुलिस अधीक्षक बलोदा बाजार निवेदिता पाल,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलाईगढ़ संजयतिवारी एवं नगर निरीक्षक बिलाईगढ़ राजेश कुमार साहू के अलावा पुलिस प्रशासन की सक्रियता से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ ।

फैसले की घड़ी | 15 बूथों में प्रशासन की रही पैनी नज़र, 74.96 प्रतिशत फीसदी हुई वोटिंग

64 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में कैद, कसडोल में शांतिपूर्ण रहा मतदान

कसडोल। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव कसडोल के 15 वार्डो के लिए मतदान शांतिपूर्ण रहा। यहाँ 15 वार्डो में 64 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया। जिसका परिणाम आगामी 24 दिसंबर को मिलेगा। कसडोल की मतदान प्रतिशत पर बात करें तो लगभग 74.96 प्रतिशत आकलन किया गया। वही देर शाम तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर देर शाम 5 बजे तक मतदाताओं का हुजूम लगा रहा। जिले की नपा

कसडोल की बात करे तो सभी केंद्रों में पुलिस प्रशासन की शक्ति देखी गई, और लगातार मतदाता बूथों तक पहुंचकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे थे गौरतलब है, नगरीय निकाय चुनाव होने के नाते वोटिंग के प्रति झुकाव देखने को मिल रहा था। प्रशासन भी मतदान व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रशासनिक अमला सभी बूथों पर रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से नजर बनाए रखा था। वही देर शाम तक कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की खबर नहीं मिली है।

बुजुर्गों ने बढ़कर किया मतदान

इस चुनाव में युवा के साथ ही बुजुर्गों ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया है। वार्ड नंबर 06 की जमुना देवी ने 79 की उम्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंची, इसके साथ ही नगर की मोहनी बाई 82 वर्ष की हर्षोल्लास के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बात करें वार्ड नंबर 15 के छेदुराम साहू 82 की उम्र में मतदान केंद्र तक पहुँचे। जहाँ अपने मताधिकार का उपयोग किया। साथ ही वार्ड नंबर 01 की सोनी सतनामी भी व्हील चेयर से मताधिकार का उपयोग करने पहुंची थी।

> प्रशासन ने पूरे बूथों में पुलिस की तैनाती की थी जिसके कारण चुनाव के अंतिम समय तक किसी तरह का विवाद उत्पन्न नही हुआ। और कसडोल नपा का चुनाव पूरे शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ।
>
> **टेकचंद अग्रवाल,** रिटर्निंग अधिकारी, कसडोल

गायत्री शक्तिपीठ स्थापना दिवस 25 को

दल्ली राजहरा। गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा का स्थापना दिवस 25 दिसंबर को किया जाएगा । इसी तारीख को परमं पूज्य गुरुदेव पं.श्री रामशर्मा आचार्य के कर कमलों से स्थापना किया गया था।जिसमें पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता का बहुत ही योग दान रहा है। उनकी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसी के उपलक्ष में दिनांक 24 दिसंबर को सुबह 06 बजे से शाम 06 बजे तक अखण्ड जांप तथा दिनांक 25 दिसंबर को सुबह 09बजे से पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। समस्त परिजनों एवं नगरवासियों को उक्त कार्यक्रम में भाव भरा आमंत्रण किया गया। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर

कार्यक्रम का लाभ उठाएं। यह जानकारी शिव कुमार कलिहारी मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा द्वारा दिया गया।

न्यूज गैलरी

भारत ने साल का समापन 108वें स्थान के साथ किया

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय फुटबॉल टीम ने विश्व रैंकिंग में साल 2019 का समापन 108वें स्थान के साथ किया। भारत ने फीफा रैंकिंग में इस साल की शुरुआत 97वें स्थान के साथ की थी। वह फरवरी में 103वें, अप्रैल में 101वें, जुलाई में 103वें अक्टूबर में 104वें और 106वें तथा नवम्बर और दिसम्बर में 108वें स्थान पर रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका को बढ़त

कराचीअ (वार्ता)। पूर्व कप्तान दिनेश चांडीमल की 74 रन की शानदार पारी के दम पर श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 271 रन बनाकर पहली पारी में 80 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पाकिस्तान ने पहली पारी में कल 191 रन बनाये थे। श्रीलंका ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया। चांदीमल ने 143 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 74 रन की शानदार पारी खेली। धनंजय डिसिल्वा ने 32, निरोशन डिकवेला ने 21 और नौवें नंबर के बल्लेबाज दिलरुवान परेरा ने 84 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 48 रन बनाये।

जेरेमी ने राष्ट्रीय और अपना युवा विश्व रिकार्ड तोड़ा

दोहा। युवा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक जेरेमी लालरिन्नुंगा ने छठे कतर इंटरनेशनल कप में पुरूषों के 67 किलो वर्ग में रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता । सत्रह बरस के इस भारोत्तोलक ने स्नैच में 140 , क्लीन एंड जर्क में 166 और कुल 306 किलो वजन उठाकर युवा विश्व और एशियाई रिकार्ड तोड़ा। उन्होंने तीन युवा विश्व, तीन युवा एशियाई और छह राष्ट्रमंडल रिकार्ड समेत 12 अंतरराष्ट्रीय और 15 राष्ट्रीय रिकार्ड अपने नाम किये हैं । एशियाई चैम्पियनशिप में उन्होंने युवा विश्व और एशियाई रिकार्ड तोड़कर 297 किलो वजन उठाया था ।

क्वालीफाई करना लक्ष्य : नटराज

नई दिल्ली। तैराकी में 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर बैकस्ट्रोक का राष्ट्रीय रिकार्ड बनाने वाले श्रीहरि नटराज ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना है । उन्होंने कहा ,'' मैं फिलहाल तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने की कोशिश में हूं । इसके बाद मेरा लक्ष्य एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक 2024 में पदक जीतना है ।'' नटराज ने यह भी कहा कि खेल प्रतिभाओं को तलाशने के लिये खेलो इंडिया युवा खेल अच्छी पहल है । पहले दो सत्र में भाग ले चुके नटराज फिलहाल गुवाहाटी में 10 से 22 जनवरी तक होने वाले इन खेलों की तैयारी में जुटे हैं । ,'' खेलो इंडिया सरकार की अच्छी पहल है।

निर्णायक मुकाबले में सीरीज कब्जाने उतरेगी टीम इंडिया

सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज कटक में, टीम इंडिया के ओपनर रोहित शर्मा और केएल राहुल बेजोड़ फॉर्म में

विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां कटक में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ वनडे सीरीज़ के निर्णायक मुकाबले में गलतियों को सुधार सीरीज़ कब्ज़ाने उतरेगी।

- भारत और वेस्ट इंडीज के बीच द्विपक्षीय सीरीज का निर्णायक मैच कटक में खेला जाएगा
- टीम इंडिया के ओपनर रोहित शमा और केएल राहुल बेजोड़ फॉर्म में हैं और खूब रन बना रहे हैं
- दूसरी ओर, वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी भी कम नहीं हैं, हेटमायर और होप लगातार स्कोर कर हे हैं

कटक, (वार्ता)। भारत ने चेन्नई में पहला वनडे आठ विकेट से गंवाने के बाद दूसरे वनडे को विशाखापत्तनम में 107 रन से जीता था और सीरीज़ में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। भारतीय टीम को मौजूदा दौरे में विपक्षी वेस्टइंडीज़ से काफी चुनौतियां झेलनी पड़ी हैं और ट्वंटी 20 सीरीज़ में भी उसे इसी तरह की निर्णायक स्थिति का सामना करना पड़ा था जिसमें वह 2-1 से सीरीज़ जीतने में कामयाब रही थी।

विराट एंड कंपनी के लिये कटक में इसी तरह एक बार फिर निर्णायक मुकाबले में पूरा जोर लगाना होगा जिसमें टीम के सही संयोजन, बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता, किफायती गेंदबाजी के अलावा अच्छी फील्डिंग पर उसे ध्यान देना होगा। मौजूदा सीरीज़ में टीम इंडिया के फील्डरों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और कैच टपकाना उसकी बड़ी समस्या रही है जिससे खुद कप्तान विराट भी परेशान हैं। सलामी बल्लेबाज़ लोकेश राहुल पिछले कुछ मैचों में निराश करने के बाद पिछले मैच में शतकधारी बने थे, चोटिल शिखर धवन की जगह ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे राहुल और उपकप्तान रोहित शर्मा से एक बार फिर मजबूत साझेदारी के साथ मजबूत शुरूआत दिलाने की अपेक्षा होगी। दोनों ओपनरों ने दूसरे वनडे में 227 रन की ओपनिंग साझेदारी की थी जिसमें राहुल ने 102 रन और रोहित ने 159 रन की गज़ब की शतकीय पारियां खेली थीं। भारतीय टीम के पहले मैच में ओपनिंग क्रम के संघर्ष के बाद उनकी फार्म में वापसी कप्तान विराट के लिये निश्चित ही सुखद है, जो पिछले मैच में शून्य पर आउट हो गये थे और फाइनल मुकाबले में वापसी करना चाहेंगे। टीम के बल्लेबाजी क्रम में तीनों शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ों के अलावा उसके सबसे चर्चा में रहने वाले चौथे क्रम पर भी फिलहाल युवा बल्लेबाज़ श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन संतोषजनक है।

कई सीनियर बल्लेबाज़ों और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने भी श्रेयस को चौथे क्रम के लिये उपयोगी बताया है। श्रेयस ने पिछले मैच में 53 रन की अहम पारी खेली थी जबकि चेन्नई वनडे में 70 रन की बड़ी पारी खेलकर सफल बल्लेबाज़ रहे थे। ऐसे में चौथे नंबर पर फिलहाल श्रेयस की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है।

मध्यक्रम में काफी समय से आलोचनाओं में घिरे विकेटकीपर बल्लेबाज़ रिषभ पंत ने भी पहले मैच में 71 रन की बड़ी पारी खेली थी जबकि दूसरे मैच में मात्र 16 गेंदों में उन्होंने चार छक्के और तीन चौके उड़ाते हुये 39 रन की

टीम ऑफद डि-केड: कोहली-धोनी-रोहित ने बनाया स्थान, बटलर ने चौंकाया

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, मौजूदा कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान रोहित शर्मा के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर है। इन तीनों ही धुरंधर बल्लेबाजों को सम्मानित स्पोर्ट्स साइट विजडन ने वनडे टीम ऑफद डि-केड (पिछले 10 वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम) में शामिल किया है। 11 खिलाड़ियों की लिस्ट में यही 3 भारतीय शामिल हैं। रोहित को जहां ओपनर के तौर पर जगह मिली है तो विराट को तीसरे नंबर पर रखा गया है।

रोहित के साथी ओपनर वार्नर, धोनी छठे पर

फिलहाल इंटरनैशनल टीम से बाहर आराम फरमा रहे विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी छठे नंबर पर हैं। रोहित के साथ ओपनिंग में ऑस्ट्रेलियाई विस्फोटक बैट्समैन डेविड वॉर्नर शामिल हैं। बता दें कि रोहित ने वनडे करियर में अब तक 179 मैचों में 8186 रन बनाए हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के नाम 109 मैचों में 4884 रन हैं।

विराट को तीसरा स्थान, बटलर ने चौ?काया

भारत के मौजूदा कप्तान विराट कोहली ने एकादश में तीसरा स्थान हासिल किया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के विस्फोट बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को चौथे नंबर पर रखा गा है। कोहली की नाम 226 मैचों में 11040 रन और डिविलियर्स के नाम 6485 रन दर्ज हैं। इस लिस्ट में चौंकाने वाला नाम इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर का है। वहीं बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने भी अपने प्रदर्शन से जगह बनाने में कामयाब हुए हैं।

वनडे में 100 विकेट पूरा करने से एक कदम दूर कुलदीप यादव

कटक। वनडे इतिहास में दूसरी बार हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय बने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव एकदिवसीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरा करने से एक विकेट दूर हैं। 25 साल के कुलदीप अगर रविवार को यहां बाराबाती स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाले तीसरे वनडे मैच में एक विकेट और हासिल करते हैं तो वह वनडे क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले 22वें भारतीय बन जाएंगे।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने 54 वनडे मैचों में अब तक 99 विकेट लिए हैं। वह अगर अपने 100 विकेट पूरे कर लेते हैं तो वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। फिल्हाल यह रेकॉर्ड तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने 55 वनडे मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है।

कुलदीप साथ ही 100 विकेट पूरे करने वाले आठवें भारतीय स्पिनर बन जाएंगे। पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले वनडे में भारत के सबसे सफल स्पिनर हैं। उन्होंने 269 वनडे मैचों में 334 विकेट चटकाए हैं।

रोहित के निशाने पर जयसूर्या का रेकॉर्ड

दूसरे मैच में 159 रन बनाने वाले रोहित सभी प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज सनत जयसूर्या के रेकॉर्ड से 9 रन पीछे हैं। केएल राहुल ने भी पहले विकेट की 220 रन की साझेदारी में शतक जमाया था। जून में पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले से पारी का आगाज कर रहे राहुल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की कर ली है। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने भी रन बनाए। गेंदबाजी में चोटिल दीपक चाहर की जगह दिल्ली के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को मौका मिल सकता है।

भारत को गलतियों से बचना होगा

फील्डिंग में भारत का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। अय्यर ने जरूर शिमरोन हेटमायर को शानदार थ्रो पर रन आउट किया लेकिन चाहर ने निकोलस पूरन और शाई होप का कैच टपकाया। कोहली ने मैच के बाद कहा, 'हमें कैचिंग बेहतर करनी होगी। अपनी गलतियों से पार पाना होगा। फील्डिंग का लुत्फ उठाने की जरूरत है।' बाराबती स्टेडियम की पिच भी विशाखापत्तनम की तरह बल्लेबाजों की मददगार होगी।

सीजन की तारीख देख फ्रैंचाइजियों की नींद उड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन की शुरुआत कब होगी इसकी आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन बीसीसीआई इसे 28 मार्च से शुरू करना चाहती है। हालांकि इस तारीख को लेकर फ्रैंचाइजी खुश नहीं हैं।

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल के अगले सीजन की शुरुआत 28 मार्च से करना चाहती है, लेकिन फ्रैंचाइजियों का कहना है कि इस दौरान दो बड़ी सीरीज हैं, जिसके कारण विदेशी खिलाड़ियों को आने में समस्या हो सकती है। यहां बताना जरूरी है कि इस दौरान ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेंगे जबकि इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें दो टेस्ट मैच खेलेंगी। एक फ्रैंचाइजी के सीनियर अधिकारी ने आईएएनएस से कहा कि आधिकारिक कैलेंडर अभी निकला नहीं है लेकिन वह उम्मीद बांधे बैठे हुए हैं कि गर्विनंग काउंसिल अपने पुराने प्रारूप पर ही जाएगी, जिसमें डबल हेडर होते थे और लीग एक अप्रैल के पास से शुरू होती थी। अधिकारी ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड की सीरीज का अंतिम टी-20 मैच 29 मार्च को खत्म होगा जबकि इंग्लैंड और श्रीलंका के दूसरे टेस्ट का आखिरी दिन 31 मार्च है। इस स्थिति में आप सीजन की शुरुआत अपने बड़े खिलाड़ियों के बिना करोगे और यह अच्छी बात नहीं होगी। अगर हम एक अप्रैल से शुरू करते हैं तो चीजें बेहतर हो सकती हैं।

'हिटमैन' ने यूं किया वाइफ को विश, बताया 'गेम चेंजर'

नई दिल्ली। भारत और वेस्ट इंडीज के बीच सीरीज का तीसरा और निर्णायक वनडे मैच रविवार को कटक के बारामती स्टेडियम में खेला जाएगा। पहला मैच विंडीज ने जीता था, जबकि दूसरे मैच में टीम इंडिया ने जोरदार जीत दर्ज करते हुए वापसी की थी। इस तरह दोनों ही टीमें सीरीज में एक-एक से बराबरी पर हैं। टीमें कटक पहुंच चुकी हैं। इस बीच धुरंधर ओपनर रोहित शर्मा ने शनिवार को अपनी पत्नी को बड़े खास अंदाज में जन्मदिन की मुबारकबाद दी।

हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने अपने ट्विटर पेज पर 4 तस्वीरें शेयर करते हुए वाइफ रितिका सजदेह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक प्यारा सा मेसेज भी रितिका के लिए लिखा और उन्हें अपनी लाइफ का गेम चेंजर बताया। पिछले मैच में सेंचुरी लगाने वाले इस बल्लेबाज ने लिखा,'जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, मेरा प्यार, मेरी मजबूती और गेम चेंजर। समायरा और मुझे

आप पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि टीम के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने विशाखापत्तनम में खेले गए वनडे सीरीज के दूसरे मैच में वेस्ट इंडीज के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा था। उन्होंने 138 गेंदों में खेली गई 159 रनों की पारी के दौरान कई रेकॉर्ड बनाए और टीम की जीत सुनिश्चित की थी। इस पारी के लिए उन्हें मैन ऑफद मैच चुना गया था। अब जबकि दोनों टीमें सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं तो कटक वनडे फाइनल की तरह होगा। जो भी टीम इस मैच को जीतेगी सीरीज उसके नाम हो जाएगा।

रूसी एथलीटों के डाटा से छेड़छाड़, मिले सबूत

मॉस्को (वार्ता)। रूसी जांच समिति ने कहा है कि उसे मॉस्को डोपिंग निरोधक प्रयोगशाला की पूर्व प्रमुख ग्रिगोरी रोडचेनकोव के खिलाफ सबूत मिले हैं कि उन्होंने रूसी एथलीटों के डोपिंग आंकड़ों के साथ छेड़छाड़ की थी। समिति की प्रवक्ता स्वेत्लाना पेटरेंको ने शनिवार को अपने बयान में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा,÷समिति ने कम्प्यूटर फोरेंसिक जांच की थी जिसकी प्रतियों को वाडा विशेषज्ञों को भी भेजा गया है, जिनके अनुसार भी प्रारंभिक आंकड़ों में कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है और नमूनों की सत्यता की भी पुष्टि होती है। बयान के अनुसार समिति ने पुष्टि की है कि प्रयोगशाला में वर्ष 2015-16 के दौरान जो भी उसके प्रमुख थे उनकी आंकड़ों की ओर पहुंच थी। समिति ने साथ ही कहा कि वाडा ने दावा किया था कि 2018-19 में प्रयोगशाला में जो आंकड़े लिये गये थे उनके साथ भी छेड़छाड़ हुई थी, जबकि डोपिंग निरोधक सेंटर में उस समय सभी की पहुंच थी। पेटरेंको ने कहा,÷ समिति ने जो भी सबूत एकत्रित किये हैं वह संकेत करते हैं कि रोडचेनकोव और कुछ अन्य अज्ञात लोगों ने आंकड़ों के साथ छेड़छाड़ की थी।÷ वैश्विक डोपिंग रोधी एजेंसी ने 9 दिसंबर को सर्वसम्मति से रूस पर डोपिंग निरोधक नियमों का उल्लंघन करने के लिये चार वर्ष का बैन लगा दिया था।

इस बात में कोई संदेह ही नहीं था कि रोजर बोगोता में वापसी करेंगे -गॉडसिक

फेडरर करेंगे बोगोता में वापसी, खेलेंगे प्रदर्शनी मैच

बोगोता (वार्ता)। टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर गत माह रद्द हुये बोगोता प्रदर्शनी मैच के बाद मार्च में फिर से कोलंबिया का रूख करेंगे और जर्मन खिलाड़ी एलेक्सांद्र ज्वेरेव के खिलाफ अपना मैच खेल फैन्स से किया वादा निभाएंगे।

गत माह हिंसक घटनाओं और प्रदर्शनों को देखते हुये शहर के मेयर ने फेडरर और ज्वेरेव के बीच प्रदर्शनी मैच को शुरू होने से चंद मिनट पहले रद्द कर दिया था जिससे स्विस मास्टर काफी परेशान हो गये थे। आयोजकों ने बताया कि कोलंबिया की राजधानी बोगोता में 24 मार्च को मोवीस्टार एरेना में फेडरर और ज्वेरेव के बीच मैच आयोजित किया जाएगा।

20 बार

के ग्रैंड स्लेम चैंपियन फेडरर वर्ष 2012 में फ्रांस के जो विलफ्रेड सोंगा के खिलाफ बोगोता में प्रदर्शनी मैच खेलने उतरे थे। उसके बाद से उन्होंने बोगोता में कभी नहीं खेला है।

फेडरर के एजेंट टोनी गॉडसिक ने कहा, इस बात में कोई संदेह ही नहीं था कि रोजर बोगोता में वापसी करेंगे, लेकिन यह तय नहीं था कि वह कब वापसी करेंगे। हमने काफी सोच विचार के बाद यह फैसला लिया है। रोजर और ज्वेरेव बोगोता में अपने प्रशंसकों से बहुत प्यार करते हैं।

इस मैच को पहले मोवीस्टार एरेना में 22 नवंबर को आयोजित किया जाना था, लेकिन शुरूआत से चंद मिनट पहले ही इसे रद्द कर दिया गया था। इससे पहले मेयर एनरिक पेनालोसा ने प्रदर्शनों के मद्देनज़र कर्फ्यू लगा दिया था।

आर्यमन बिरला ने तनाव के कारण लिया क्रिकेट से ब्रेक

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के बल्लेबाज़ आर्यमन बिरला ने मानसिक तनाव का हवाला देते हुये क्रिकेट से अनिश्चितकाल तक के लिये अवकाश लेने का फैसला किया है, जिसने क्रिकेट में लगातार बढ़ते मानसिक तनाव की चर्चा को गरमा दिया है। 22 साल के आर्यमन बिरला पिछले काफी अर्से से चोटों से जूझ रहे थे और जनवरी से ही उन्होंने क्रिकेट नहीं खेला है। इसके अलावा आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स ने भी उन्हें नवंबर में अपनी टीम से रिलीज कर दिया था जबकि पिछले दो संस्करणों में वह टी-20 लीग का हिस्सा रहे हैं।

आर्यमन ने सोशल मीडिया पर खुद अपने मानसिक तनाव का खुलासा करते हुये एक पोस्ट लिखा है। उन्होंने लिखा, मैं जकड़ा हुआ महसूस कर रहा हूं। मैंने सभी परेशानियों से खुद को निकालने के लिये काफी जोर दिया लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरा मानसिक स्वास्थ्य सबसे ऊपर है। हम सभी का अपना एक रास्ता होता है और मैं यह समय खुद को समझने के लिये उपयोग करना चाहता हूं। मैंने अपने दिमाग को नये आयामों के लिये खोलने का फैसला किया है ताकि अपनी खोज के अर्थ को समझ सकूं। उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला के बेटे आदित्य ने 17 साल की उम्र में ही अपना शहर मुंबई छोड़ दिया था। उन्होंने वर्ष 2014 में मध्यप्रदेश की ओर से जिला स्तर पर ट्रायल दिया था। इससे पहले वह इंग्लैंड में वेस्ट हैम्पस्ड क्रिकेट क्लब और लंदन स्कूल क्रिकेट संघ की ओर से भी खेले थे।

प्रदेश के सीएस कलेक्टर व निर्वाचन आयुक्त के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया मतदान

रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद आरिफशेख ने पत्नी के साथ मतदान किया।

कलेक्टर रायपुर डॉ एस भारतीदासन और उनकी पत्नी ने किया देवेंद्र नगर मतदान केंद्र में मतदान।

प्रदेश के मुख्य सचिव आर पी मंडल ने अपनी पत्नी के साथ देवेंद्र नगर के मतदान केंद्र में मतदान किया।


राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने खम्हारडीह मतदान केन्द्र में डाला वोट

वरिष्ठ आईएएस डॉ. कमलप्रीत ने भी किया मतदान, खिंचवाई फोटो

भाजपा नेता विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता धरम लाल कौशिक ने सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

महापौर एवं भाजपा सांसद सुनील सोनी तथा कांग्रेस पार्टी के वर्तमान महापौर प्रमोद दुबे ने किया मतदान।

मतदान स्थल पर ड्यूटी के लिए तैनात कोटवार की मिर्गी आने से तबीयत बिगड़ी अस्पताल में दाखिल।

नगर पंचायत कुरा में निशक्तजनों ने किया मतदान।

कलेक्टर अंकित आनंद ने मतदान किया।

वार्ड क्रमांक 43 महंत लक्ष्मी नारायण दास में विवाद, मतदान केंद्र क्रमांक 539 के सामने आपस मे भिड़े दोनों पक्षों के कार्यकर्ता, मतदान केंद्र के बाहर प्रचार करने को लेकर हुई बहस।